दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 35 जयपुर, शनिवार, 13 जनवरी, 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष- द्वितीया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## जरूरी खबर

### 200 सहायक आचार्य के पदों पर निकाली भर्ती




**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने बेरोजगारों को बड़ी सौगात दी है। आयोग ने शुक्रवार को संस्कृत शिक्षा विभाग में 15 विभिन्न विषयों के लिए सहायक आचार्य के लिए 200 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया है। आयोग सचिव ने बताया कि इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 जनवरी से 21 फरवरी की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में जल्द सूचित कर दिया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### ट्रांसजेंडर्स को मुख्य धारा में किया जाएगा शामिल

**बेधड़क.जयपुर।** ऑपरेशन स्माइल के तहत राजस्थान पुलिस ने ट्रांसजेंडरों को मुख्य धारा में शामिल करने की कवायद शुरू की है। राज्य के सभी जिलों के थानों में महीने की 10 से 12 तारीख को चलेगा ऑपरेशन स्माइल अभियान चलाया जाएगा। जयपुर के शास्त्री नगर थाने से 10 जनवरी को यह अभियान शुरू होगा। दरअसल, ट्रांसजेंडर समुदाय लगातार खुद को मुख्य धारा में शामिल करने की मांग कर रहा था। ऐसे में डीसीपी नॉर्थ राशि डोगरा की इस पहल से ट्रांसजेंडर समुदाय में खुशी का माहौल है।

### स्टेशन निर्माण कार्य के चलते कई ट्रेनें रहेगी प्रभावित




**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 एवं 7 पर तकनीकी कार्य 31 जनवरी चलेगा। रेलवे ने कार्य की अवधि 13 से बढ़ाकर 31 जनवरी करने का निर्णय लिया है। रेलवे के अनुसार 19713/19714, जयपुर-कुर्नुलू सिटी साप्ताहिक रेलसेवा 27 जनवरी तक जयपुर के स्थान पर दुर्गापुरा से और 14715 हिसार-जयपुर रेलसेवा 31 जनवरी तक हिसार व खातीपुरा तक ही संचालित होगी। 14734, जयपुर-बठिण्डा रेलसेवा खातीपुरा से संचालित होगी। 04801, सीकर-जयपुर स्पेशल रेलसेवा सीकर से ढेहर का बालाजी तक ही संचालित होगी। 04861 जयपुर-चूरू स्पेशल रेलसेवा ढेहर का बालाजी से चलेगी।

---

**मुख्यमंत्री ने किया दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'वेदा' का शुभारंभ, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की डायरेक्टरी का विमोचन**

# अर्थव्यवस्था को गति और दिशा देने में सीए का अहम योगदान

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें देश के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का महत्वपूर्ण योगदान है। देश की अर्थव्यवस्था को गति और दिशा देने में सीए का महत्व सर्वविदित है।

जिस तरह चिकित्सक नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, वैसे ही सीए देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। मुख्यमंत्री भजन लाल जयपुर में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'वेदा' को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने देश-दुनिया से आए



चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को नववर्ष, युवा दिवस, लोहड़ी एवं मकर सक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीए अपने वित्तीय ज्ञान और कौशल का उपयोग कर देश के आर्थिक विकास और स्थिरता में महत्ती भूमिका निभा रहे हैं। इस कॉन्फ्रेंस में होने वाला विमर्श राज्य व देशहित में सकारात्मक भूमिका निभाएंगा। टेक्नोलॉजी एवं लेखांकन में नए बदलावों से पैदा होने वाली चुनौतियों का सामना करने और आपसी ज्ञान को साझा करने के लिए ऐसे सम्मेलन बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने कॉन्फ्रेंस प्रतिभागियों से प्रदेश हित में वित्तीय प्रबंधन के रोडमैप से संबंधित सुझाव देने का आह्वान किया।

### दुनिया में आईसीएआई सीए का सबसे बड़ा पेशेवर निकाय

मुख्यमंत्री भजन लाल ने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया चार्टर्ड अकाउंटेंसी को नियम अनुरूप चलाने में बेहद अहम जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहा है। ये गौरव का विषय है कि आईसीएआई 11.50 लाख से अधिक सदस्यों और छात्रों के साथ दुनिया में सीए का सबसे बड़ा पेशेवर निकाय है। भारत में करीब 4 लाख और राजस्थान में करीब 30 हजार सीए देश सेवा के काम में लगे हुए हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने हाल में सीए परीक्षा में पास हुए सभी युवाओं और विशेष रूप से राजस्थान से इस परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मधुर जैन, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले टिकेन्द्र कुमार सिंघल, ऋषि मलहोत्रा और मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विनय मंगतानी, मानसी गुप्ता और तुषार जैन को भी बधाई दी।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने विश्वभर में मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा

सीएम शर्मा ने कहा कि प्रदेश के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने विश्व भर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अपनी मेहनत व शिक्षा के बल पर इस मुकाम पर पहुंचे हैं। आपका कर्तव्य है कि आप देश हित में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सीए अर्थव्यवस्था एवं वित्तीय प्रदर्शन में सुधार संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव देने के साथ-साथ कर कानूनों के प्रति जागरुकता और अनुपालन सुनिश्चित करते हैं। व्यवसाय के अतिरिक्त आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की स्थापना और समीक्षा भी सीए ही करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है आप अपने कौशल और ज्ञान का उपयोग समाज को बेहतर बनाने में निरंतर करते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को पुरस्कृत किया। उन्होंने राजस्थान के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की डायरेक्टरी का विमोचन भी किया। इस दौरान विष्णु अग्रवाल, संजय झंवर, प्रकाश शर्मा सहित आईसीएआई से जुड़े पदाधिकारी एवं कॉन्फ्रेंस प्रतिभागी उपस्थित रहे।

---

**रेल मंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में हुए शामिल**

# जयपुर में बने रिंग रोड की तर्ज पर रिंग रेलवे: अश्विनी वैष्णव

- नगरीय विकास मंत्री और विधायक बनाएं कार्ययोजना
- रेल मंत्री ने लाभार्थियों के साथ सुना PM का संबोधन

**बेधड़क | जयपुर**

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर में रिंग रेलवे की जरूरत जताई है। केन्द्रीय मंत्री ने हेरिटेज निगम की ओर से आदर्श नगर के दशहरा मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में उन्होंने कहा कि जयपुर शहर के चारों ओर एक रिंग रेलवे बनें। इसके लिए मुख्यमंत्री, नगरीय विकास मंत्री व विधायक काम करें।

इसके बाद यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भी इस योजना पर काम करने को लेकर आश्वस्त किया। ऐसे में जयपुर के चारों ओर रिंग रेलवे की उम्मीद जगी है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा दिवस पर राष्ट्र को संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। वैष्णव ने कहा कि वे गोविंददेवजी मंदिर गए, तब जयपुर के विकास के लिए नया कॉन्सेप्ट दिमाग में आया।

जयपुर के चारों ओर एक रिंग रेलवे बने, यह कॉन्सेप्ट जयपुर के अगले 30 साल की कार्य योजना होगी। मंत्री ने कहा कि राजस्थान के 84 स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास बनाया जा रहा है, पर्यटक अब हवामहल के साथ रेलवे स्टेशन भी देखने जाएंगे। वहीं यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा केंद्रीय मंत्री की बताई गई योजना पर काम किया जाएगा।



### लाभार्थियों को बांटे गैस चूल्हे

कार्यक्रम में विधायक गोपाल शर्मा, विधायक बाल मुकुंदाचार्य, मेयर मुनेश गुर्जर सहित कई नेता शामिल हुए। इस बीच रेल मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस चूल्हे बांटे गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान उपस्थित सहभागियों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलवाई गई।



### रिंग रेलवे के लिए जल्द करेंगे चर्चा

नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि भारत सरकार ने जितनी भी योजनाएं जन कल्याण बनाई उनकी जानकारी आमजन तक पहुंचे और पात्र व्यक्तियों को हाथों-हाथ लाभ दिया जाए। मंत्री खर्रा ने कहा कि रेलवे मंत्री ने जिस रिंग रेलवे प्रोजेक्ट पर कार्य करने का आईडिया दिया है, उस दिशा में विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर इस दिशा में कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने समारोह में मौजूद लोगों से आह्वान किया कि 2047 से पहले देश को विकसित भारत बनाने के लिये हम अपनी सक्रिय व रचनात्मक भागीदारी निभाएं।

---

**UDH ने बनाई 100 दिन की कार्ययोजना**

# प्रदेश में बनेगा राजस्थान मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन



**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में जल्द ही 'राजस्थान मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन' की स्थापना की जाएगी। साथ ही बड़े शहरों में नगर वन भी विकसित किए जाएंगे। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग ने अपने 100 दिन की कार्ययोजना में इन कार्यों को शामिल किया है।

हालांकि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पहली ही बैठक में साफ कर दिया कि उन्हीं कामों को हाथ में लिया जाए जो तय समयावधि में पूरे किए जा सकते हैं। दरअसल, अभी मेट्रो केवल जयपुर में चल रही है। प्रदेश के जोधपुर, उदयपुर, कोटा जैसे बड़े शहरों में भी ट्रैफिक दबाव बढ़ता जा रहा है।

ऐसे में सरकार चाहती है कि इन शहरों में भी समय के साथ-साथ मेट्रो रेल चलाई जाए। यही वजह है कि राजस्थान मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की स्थापना करने की यूडीएच ने तैयारी की है। अभी जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन चल रहा है। जो जयपुर में मेट्रो विस्तार का काम कर रहा है। अगर सभी शहरों में अलग-अलग कॉर्पोरेशन बनाए जाते हैं तो खर्चा बढ़ेगा और अधिकारियों की कमी भी खल सकती है। आरएमआरसी बनाने की एक वजह यह भी है।

### शिलान्यास का लक्ष्य 100 दिन में

वर्तमान में केवल जयपुर मेट्रो रेल का संचालन किया जा रहा है। मानसरोवर से बड़ी चौपड़ के बीच यह मेट्रो चल रही है। फेज वन ए के तहत मानसरोवर से चांदपोल और फेज वन बी के तहत चांदपोल से बड़ी चौपड़ के बीच मेट्रो चलाई जा रही है। वर्तमान में बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर के बीच मेट्रो विस्तार का काम शुरू हो चुका है। वहीं विभाग ने 100 दिन की कार्य योजना में जयपुर मेट्रो फेज 1डी (मानसरोवर से 200 फीट बाईपास पर अजमेर रोड चौराहे तक) का शिलान्यास का 100 दिन में कराने का लक्ष्य रखा गया है।

---

**बी-2 बाईपास चैनपुरा अम्बेडकर कॉलोनी में कार्रवाई**

## विकास की राह में बाधा बन रही तीन मंजिला अवैध इमारत को किया ध्वस्त

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को जोन-4 में बी-2 बाईपास चैनपुरा अम्बेडकर कॉलोनी में रोड में आ रहे तीन मंजिला अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है।

बी 2 बाईपास पर ही बनी इस तीन मंजिला बिल्डिंग से बी टू बाईपास पर बन रहे निर्माणाधीन अंडरपास के कार्य में भी बाधा आ रही थी। इस संबंध में मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन चार में



बी-2 बाईपास चैनपुरा अम्बेडकर कॉलोनी में रोड़ में आ रहे तीन मंजिला अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। इस बिल्डिंग में अत्याधिक लम्बाई में बनी सीढ़ियां संचालित महावीर रबड़ी भण्डार इत्यादि अवैध निर्माण को हटाने के लिए सक्षम स्तर से स्वीकृति ली गई। इसके बाद शुक्रवार को जोन चार के राजस्व और तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने लोखण्डा, जेसीबी मशीनों और मजदूरों की सहायता से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। इस कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन-चतुर्थ और जोन-04,10,14,11 के प्रवर्तन अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि शहर के बी टू बायपास चौराहे को ट्रैफिक सिग्नल फ्री करने के लिए 155 करोड़ रुपए की लागत से अण्डरपास का निर्माण किया जा रहा है।

---

**फतेहपुर और जोबनेर का पारा जमाव बिंदु पर**

## माउंट आबू में माइनस 2 डिग्री, जमी बर्फ

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में मौसम मिजाज लगातार बदल रहा है। कहीं बर्फीली हवाओं से साथ धूजणी तो कहीं तेज धूप से राहत दे रहा है। हालांकि राज्य में पिछले करीब 15 दिन से सर्दी का दौर जारी है लेकिन गुरुवार को मौसम के दो रूप देखने को मिले।

माउंट आबू में पारा माइनस दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और वहां बर्फ की चादर सी जम गई। दूसरी ओर जयपुर में दिनभर तेज धूप खिली रही जो शाम तक जारी रही। हालांकि शाम के यह ठंडी हवाएं चली लेकिन दिनभर



खिली धूप ने लोगों को बड़ी राहत दी। हिल स्टेशन माउंट आबू में गुरुवार का दिन इस सीजन सबसे ठंडा दिन रहा। यहां का तापमान माइनस दो डिग्री रहा। उधर फतेहपुर और जोबनेर में भी पारा जमाव बिंदु पर रहा। माउंट आबू में पेड़ों पर ओस की बूंदे जमने से सफेद चादर नजर आने लगी। बर्तनों में रखा पानी जम गया और घरों के बाहर खड़ी कारों सीसे और छत पर भी बर्फ की परत जम गई। फतेहपुर में पारा माइनस 0.5 और जोबनेर में 1 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी जयपुर में मौसम के दो रूप देखने को मिले।

शुक्रवार को दिनभर तेज धूप के बाद शाम को ठंडी हवाएं चलने और रात के समय कोहरा छाने से ठिठुरन बढ़ गई। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार शहर में शनिवार को भी मौसम साफ रहेगा। जयपुर में दिन का अधिकतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यानी दिन में राहत और रात में ठंड का प्रकोप हो रहा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले 4-5 दिन राजस्थान में कोई भी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आने की संभावना नहीं है।

उत्तर भारत से सीधी सर्द हवा आ रही है। इससे मैदानी राज्यों में न्यूनतम तापमान तेजी से गिरा है। अगले कुछ दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। दिन में तेज धूप रहेगी और सुबह-शाम तापमान कम रहेगा।

---

**आरएएस मुख्य परीक्षा पर रार**

# यूनिवर्सिटी में शिक्षा मंत्री का विरोध, परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की मांग

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में आरएएस भर्ती की मुख्य परीक्षा को आगे बढ़ाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को राजस्थान विश्वविद्यालय में युवा दिवस के मौके स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करने पहुंचे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को विरोध का सामना करना पड़ा।

कार्यक्रम में मंत्री दिलावर के संबोधन शुरू होते ही धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने परीक्षा को आगे बढ़ाने की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। अभ्यर्थियों ने परीक्षा की तैयारी के लिए तीन महीने का



समय देने की मांग की है। इस पर मदन दिलावर ने कहा कि आरएएस मुख्य परीक्षा के अभ्यर्थी मुख्यमंत्री से भी मिले हैं और अब उन्हें भी अपनी व्यथा बताई है। इस विषय में बात की जाएगी। इस मामले में वो अकेले निर्णय नहीं ले सकते। शिक्षा मंत्री दिलावर ने मुख्यमंत्री और अन्य सभी के साथ मिलकर परीक्षा आगे बढ़ाने की मांग पर पॉजिटिव फैसला लिए जाने की बात कही है। गौरतलब है किराजस्थान प्रशासनिक सेवा भर्ती परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने की मांग को लेकर पिछले 4 दिनों से राजस्थान यूनिवर्सिटी में धरने पर बैठे हैं। शुक्रवार कोअभ्यर्थियों से मिलने शुक्रवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पहुंचे। इस दौरान नाराज अभ्यर्थियों ने दिलावर से भर्ती परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने के साथ ही शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की। जिस पर दिलावर ने मुख्यमंत्री से बात कर जल्द सकारात्मक फैसला का आश्वासन दिया।

### भूख हड़ताल पर बैठे हैं अभ्यर्थी

अपनी मांग को लेकर राजस्थान यूनिवर्सिटी में पिछले चार दिनों से अभ्यर्थी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। अभ्यर्थियों ने कहा कि प्री एग्जाम पास कर लिया है। मेंस एग्जाम की तैयारी के लिए हमें वक्त नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी कड़ाके की ठंड के बावजूद यहां धरना पर बैठे हैं। 3 दिन से हमने अन्न का भी त्याग कर दिया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सरकार जिस तरह से जल्दबाजी में पेपर करने की कोशिश कर रही है। उससे प्रशासनिक ढांचे पर भी विपरीत असर पड़ेगा। अभ्यर्थियों ने कहा कि राजस्थान में 2 साल में एक बार भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 2021 में तैयारी के लिए 5 महीने का वक्त दिया था। 2018 में भी तैयारी के लिए 10 महीने का वक्त दिया। फिर इस बार हमारे साथ आखिर भेदभाव क्यों किया जा रहा है। वहीं गुरुवार को अनशन पर बैठे 2 अभ्यर्थियों की तबीयत खराब हो गई थी। जिसके बाद उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। फिलहाल उनकी हालत ठीक है।

### सोशल मीडिया पर भी चलाया अभियान

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि विश्वविद्यालय में शुक्रवार को राजस्थान प्रशासनिक भर्ती परीक्षा की अभ्यर्थियों से मुलाकात की है। भर्ती परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने का फैसला मैं अकेला नहीं ले सकता। यह मुख्यमंत्री स्तर पर होगा। हम सब मिलकर इस पर सकारात्मक सोच के साथ विचार करेंगे। मुझे उम्मीद है कि उसका सही और सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। गौरतलब हैं कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आरएएस मुख्य भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 और 28 जनवरी को किया जा रहा है। इसके खिलाफ प्रदेश पर में युवाओं ने सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक अभियान शुरू कर दिया है। इसके समर्थन में अब तक 20 विधायकों ने भी सरकार को पत्र लिख दिया है। बावजूद इसके राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती परीक्षा की तारीख में अब तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 35 | जयपुर, शनिवार, 13 जनवरी, 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष- द्वितीया, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

### रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का जयपुर दौरा: अमृत भारत स्टेशन योजना में राजस्थान के 84 स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास

# गांधी नगर स्टेशन पर रुकेगी वंदे भारत ट्रेन, हर महीने होगी मॉनिटरिंग

**बेधड़क** | जयपुर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शुक्रवार ने जयपुर जंक्शन और सांगानेर स्टेशन का दौरा किया। जयपुर जंक्शन पर 717 करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे जयपुर स्टेशन री-डेवलपमेंट कार्यों का जायजा लिया। दौरे के बाद मीडिया से बात करते हुए रेलमंत्री ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना में राजस्थान के 84 स्टेशन वर्ल्ड क्लास बनेंगे। सांगानेर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जाएगा। इससे वहां सांगानेरी प्रिंट उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। रेलवे से जुड़े प्रोजेक्ट्स की अब हर महीने समीक्षा होगी। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनेगी। रेलमंत्री ने गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर भी वंदेभारत ट्रेन के ठहराव की घोषणा की।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार है। इससे राजस्थान में भी डेवलपमेंट के कार्य को रफ्तार मिलेगी। जयपुर रेलवे स्टेशन पर शानदार हेरिटेज लुक के साथ बिल्डिंग बनेगी। रेल मंत्री ने इससे पहले जयपुर जंक्शन के द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ बन रही नई बिल्डिंग का उन्होंने जायजा लिया। यहां बने पार्सल ऑफिस की प्रगति देखी। इसके बाद प्लेटफार्म के साथ बनाई जा रही 2 मंजिला बिल्डिंग का मुआयना किया। स्टेशन पर रेलवे के मॉडल को देखा। रेल मंत्री के साथ जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, सिविल लाईन्स विधायक गोपाल शर्मा, उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ, मंडल रेल प्रबंधक जयपुर विकास पुरवार, सीपीआरओ शशिकरण समेत रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।



### प्रदेश में भी अमृत भारत ट्रेन चलाने के दिए संकेत

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रदेश में भी नई अमृत भारत ट्रेन चलाने के संकते दिए हैं। उन्होंने कहा कि अभी ट्रेन का छह महीने का ट्रायल चलाया जा रहा है। जल्द ही प्रदेश में भी चलाएंगे। नई ट्रेनें चलाने के मामले में प्रदेश प्रायोरिटी अभी भी है और आगे भी रहेगा।

### राजस्थान को 9532 करोड़ रुपए का बजट दिया

रेल मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले राजस्थान जैसे बड़े प्रदेश को यूपीए की सरकार ने ध्यान नहीं दिया। केंद्र की सरकार ने इसे पूरी तरह से इग्नोर किया। रेलवे के डेवलपमेंट के लिए केंद्र से मात्र 682 करोड़ रुपए का अनुदान मिलता था। राजस्थान को 9532 करोड़ रुपए का बजट दिया है। पीएम मोदी और अब तो राजस्थान में डबल इंजन की सरकार होने से विकास कार्यों को गति मिलेगी। रेल मंत्री ने कहा कि जयपुर रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा रूफ प्लाजा भी बनेगा। रूफ प्लाजा में यात्री आराम से बैठ सकेंगे। जहां यात्रियों को शॉपिंग और एंटरटेनमेंट की सुविधाएं मिल सकेंगी। इसे सिटी सेंटर की तर्ज पर डवलप किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का होगा लाइव प्रसारण



**जयपुर।** श्री राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम को लेकर देवस्थान विभाग की ओर से प्रदेश में सरकारी के साथ-साथ निजी मंदिरों में भी कार्यक्रम करवाए जाएंगे। इसके लिए विभाग ने ऐसे मंदिरों में व्यवस्था कराने के लिए जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी करवाया जाएगा। साथ ही मंदिरों में साफ-सफाई कराने, सजावट रोशनी, दीपक, सत्संग, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ, विशेष आरती एवं श्रृंगार का आयोजन, आरती के बाद प्रसाद का वितरण करवाना व मंदिरों के आस-पास होर्डिंग व बैनर लगवाए जाएंगे।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज आएंगे जयपुर

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को जयपुर दौरे आएंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति धनखड़ झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में इलेक्ट्रो होम्योपैथी सेमिनार का शुभारंभ करेंगे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मौजूद रहेंगे। इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद की ओर से राष्ट्रीय इलेक्ट्रोपैथी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले इस इलेक्ट्रोपैथी सेमिनार में तीन सत्रों में मूत्र रोगों पर इलेक्ट्रोपैथी दवाओं के प्रभाव पर व्यापक चर्चा होगी। कार्यक्रम के बाद उनका राजभवन जाने का भी कार्यक्रम है।

### 'सच बेधड़क' की पड़ताल में बड़ा खुलासा

### PTI भर्ती-2022 में दर्ज FIR की खोली परत-दर-परत

# RSSB परीक्षा में डमी कैंडिडेट्स ने दी परीक्षा

**बेधड़क एक्सक्लूसिव**

कुणाल भटनागर | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान भर्ती परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों को लेकर नित नए खुलासे होते जा रहे हैं। 'सच बेधड़क' ने शुक्रवार को पीटीआई भर्ती-2022 में हुए फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा किया है। दरअसल 5 हजार से अधिक पदों पर हुई पीटीआई भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट्स बैठने का मामला सामने आया है। परीक्षा में डमी अभ्यर्थी के बैठने और परीक्षा पास करने का मामला सामने आने के बाद राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से डमी कैंडिडेट्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी, लेकिन एफआईआर पर जब 'सच बेधड़क' ने डमी कैंडिडेट के पूरे मामले की पड़ताल की तो चौंकाने वाले खुलासे सामने आए। खुलासे भी ऐसे जो कहीं ना कहीं पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े करता है।

### एफआईआर दर्ज होने के बाद भी क्यों नहीं हुई कार्रवाई?

डमी कैंडिडेट्स बैठने और धांधली होने की आशंका पर चयन बोर्ड ने 13 अक्टूबर को सांगानेर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। तीन माह के बावजूद भी पुलिस ने कार्रवाई क्यों नहीं की। पुलिस के पास डमी अभ्यर्थी की सभी जानकारी होने के बावजूद उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। या परीक्षा देने वाले डमी अभ्यर्थी को क्यों नहीं पकड़ा गया।

### केस 01



कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर डायरेक्ट रिक्रूटमेंट 2022 में फिजिकल ट्रेनिग इंस्ट्रक्टर पद पर सुनील चौधरी ने एसएसओ आईडी चौधरी 2017 से आवेदन किया। इसी सुनील चौधरी ने वी. डी. ओ. भर्ती में भी आवेदन किया। दोनों भर्तियों में आवेदन में एसएसओ आईडी और सारी जानकारी एक समान है, लेकिन दोनों भर्तियों में फोटो अलग अलग व्यक्तियों की लगाकर परीक्षा दी गई।

### केस 02




कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर डायरेक्ट रिक्रूटमेंट 2022 में फिजिकल ट्रेनिग इंस्ट्रक्टर पद पर रिड़मल राम ने रिड़मल राम मांजू एसएसआईडी से आवेदन किया। वहीं इसी रिड़मल राम ने चयन बोर्ड की सीईटी भर्ती में एक समान एसएसओ आईडी से फॉर्म भरकर परीक्षा दी, लेकिन दोनों परीक्षाओं ने आवेदन पत्र में परीक्षार्थी का फोटो अलग अलग लगा हुआ है।

### केस 03



कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित वी.डी.ओ. भर्ती में अभ्यर्थी विमला पुत्री सोहन लाल ने विमला के नाम की एसएसओ आईडी से आवेदन किया। इसी विमला ने फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर डायरेक्ट रिक्रूटमेंट-2022 में फिजिकल ट्रेनिग इंस्ट्रक्टर पद पर समान जानकारी से आवेदन किया, लेकिन दोनों ही भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थी ने अलग-अलग फोटो लगाकर परीक्षा दी।

### केस 04



राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की पीटीआई भर्ती परीक्षा में विकास गोदारा ने एसएसओ आईडी विकासरवार01 से आवेदन किया। वहीं पटवार भर्ती में विकास ने कबड्डीकिंग0009 नाम की एसएसओ आईडी से आवेदन किया। दोनों भर्तियों में जानकारी समान है, लेकिन एसएसओ आईडी अलग अलग हैं। वहीं दोनों आवेदन फॉर्म में फोटो भी अलग अलग है। विकास ने पीटीआई भर्ती में चयनित होकर जॉइनिंग भी ले ली।

"जिन पर 16 अभ्यर्थियों पर डमी कैंडिडेट होने का संदेह था उन पर हमने एफआईआर करवाई है, उसकी अब पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद ही कुछ साफ हो पाएगा। दोषी पाए जाने वाले कैंडिडेट चाहे जॉइन कर चुके हों, तो भी उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कैंडिडेट को बर्खास्त किया जाएगा। हर एप्लीकेशन की जांच कर पाना संभव नहीं होता, शिकायत मिलती है तो पुख्ता जांच करते हैं। ऐसे मामलों में ज्यादातर अभ्यर्थी बात नहीं करते, इसलिए पुलिस की मदद ले रहे हैं।

**- आलोक राज,** अध्यक्ष राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

### बड़ा सवाल: आखिर किसने दी परीक्षा!

परीक्षा में एक ही कैंडिडेट की अलग अलग फोटो लगाकर आवदेन फॉर्म भरा गया। परीक्षा 2022 में आयोजित हुई थी। ऐसे में इन परीक्षाओं में आखिर परीक्षा किसने दी। क्या परीक्षा डमी कैंडिडेट ने दी। यदि डमी कैंडिडेट ने परीक्षा दी तो इतनी सुरक्षा जांच होने के बावजूद पकड़ा क्यों नहीं गया। परीक्षा में नहीं पकड़ने के बाद चयन होने के बाद फिजिकल रूप में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में भी इन डमी कैंडिडेंट की भनक आखिर चयन बोर्ड को क्यों नहीं लगी। आखिर किसकी शह पर भर्तियों में इतने बड़े स्तर पर घोटाला हुआ।

### लोकसभा चुनाव को लेकर महामंथन

# BJP का अब मिशन 25



**बेधड़क** | जयपुर

देश में 400 सीटों के लक्ष्य को लेकर भाजपा अब लोकसभा की चुनाव की तैयारी में जुट गई है। इसी कड़ी में प्रदेश में शुक्रवार को दिल्ली रोड स्थित होटल में सत्ता और संगठन की अहम बैठक हुई। इसमें प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों को जीतने के लक्ष्य पर मंथन हुआ।

बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, ओम माथुर समेत प्रदेश के मंत्री और प्रदेश नेता मौजूद रहे। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे का बैठक में शामिल नहीं होना चर्चा का विषय बना रहा।

बताया गया कि उनकी बहू की तबीयत खराब होने के कारण वे बैठक में नहीं आ पाई। वहीं बैठक में लोकसभा चुनाव की आगामी कार्य योजना पर चर्चा की गई। साथ ही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या दर्शन की कार्य योजना पर भी मंथन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी भी नहीं पहुंच पाई।

### मोदी की गांरटियों को कर रहे पूरा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार भी प्रदेश की सभी 25 सीटें जीतेंगे। सरकार में आने के बाद हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को लगातार पूरा कर रहे हैं। पेपर लीक मामले में एसआईटी का गठन कर दिया है। लगातार आरोपी पकड़े जा रहे हैं। सीबीआई को अनुमति दे दी गई है। 100 दिन की कार्ययोजना बनाकर काम किए जा रहे हैं।

### देश में इस बार राम, कृष्ण और काशी विश्वनाथ मंदिर की लहर

लोकसभा की तैयारी को लेकर बैठक में चर्चा की गई कि दो-तीन विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से क्लस्टर बनाए जाएंगे। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि उन्होंने कहा कि इस बार देश में मोदी लहर, बीजेपी लहर, राम मंदिर लहर, कृष्ण मंदिर लहर, काशी विश्वनाथ मंदिर लहर चल रही हैं। राजस्थान में इतिहास बनेगा कि एक ही पार्टी लगातार तीन बार से सभी की सभी सीटें जीत रही है। वहीं, कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि बीजेपी हर चुनाव को एक चैलेंज के रूप में लेती है। लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान में जो चुनौती है। उसे हम स्वीकार करते हैं। हम लोकसभा की 25 में से 25 सीटें जीतेंगे। वहीं प्रदेश की हर विधानसभा से राम मंदिर दर्शन के लिए 20 हजार लोगों को अयोध्या ले जाने पर भी चर्चा की गई।

### मोदी की कल्याणकारी योजनाएं लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता

प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई कल्याणकारी योजनाएं देश में चला रखी हैं। उन योजनाओं का लाभ आमजन को कैसे मिले, इस बात को लेकर चर्चा की गई। इन योजनाओं को आमजन के बीच पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में देशवासियों के आस्था है। रामलला का भव्य मंदिर बना है। उसका उद्घाटन भी होगा। कांग्रेस के राजनीतिक लाभ लेने के सवाल पर कहा कि जिसकी जैसी विचारधारा उसकी वैसी सोच। उन्होंने कहा कि बैठक में अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भी चर्चा हुई। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद भाजपा एक अभियान शुरू करेगी। इसमें पूरे देशभर से ढाई करोड़ लोगों को राम मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे।

### AUV की तस्वीरों की जांच के बाद खुलासा

# 8 वर्ष पहले लापता हुआ था वायुसेना का विमान... अब समंदर में मिला मलबा

- बंगाल की खाड़ी में गायब हुआ था विमान
- लापता हुए विमान में सवार थे वायुसेना के 29 कर्मी
- वायुसेना ने चलाया था बड़ा सर्च ऑपरेशन, लेकिन नहीं मिला था सुराग

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के एक परिवहन विमान AN-32 का मलबा मिला है। यह विमान करीब साढ़े सात साल पहले रहस्यमयी तरीके से बंगाल की खाड़ी के ऊपर गायब हो गया था। लापता हुए विमान में 29 कर्मी सवार थे। अब इस विमान का मलबा बंगाल की खाड़ी में करीब 3.4 किमी की गहराई पर मिला है। विमान के लापता होने के बाद भारतीय वायुसेना की ओर से बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया गया था, लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा था। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि हाल ही में राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान के ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल (AUV) द्वारा ली गई तस्वीरों की जांच से पता चला है कि चेन्नई तट से 310 किमी दूर समुद्र में एएन-32 विमान का मलबा मिला है। एयूवी की ओर से ली गई तस्वीरों की पड़ताल की गई जो एएन-32 विमान से मिलती जुलती पाई गई। मंत्रालय ने कहा है कि जिस जगह पर विमान का यह मलबा मिला है उस इलाके में पहले कभी किसी विमान के लापता होने की कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में किसी अन्य विमान के लापता होने की कोई जानकारी नहीं होना संभवतः यह वायुसेना के दुर्घटनाग्रस्त एन-32 विमान का मलबा होने की ओर इशारा करती है।



### 22 जुलाई, 2016 को हुआ था लापता

दरअसल, रजिस्ट्रेशन संख्या K-2743 वाला भारतीय वायुसेना का एएन-32 विमान 22 जुलाई, 2016 को एक अभियान के दौरान बंगाल की खाड़ी के ऊपर रहस्यमयी तरीके से लापता हो गया था। विमान में वायुसेना के 29 कर्मी सवार थे। हादसे के बाद भारतीय वायुसेना की ओर से बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कई दिन तक वायुसेना के हेलिकॉप्टर और विमान लापता एएन-32 को खोजते रहे, लेकिन कोई जानकारी हाथ नहीं लगी। सवार कर्मियों के बारे में भी कोई जानकारी हाथ नहीं लगी।

### आखिरी लोकेशन पर तैनात किया था एयूवी

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन काम करने वाले राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान ने समुद्र में उस जगह पर अपना एक एयूवी तैनात किया, जहां आखिरी बार विमान के होने की जानकारी मिली थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह खोज मल्टी-बीम सोनार (साउंड नेविगेशन एंड रेंजिंग), सिंथेटिक अपर्चर सोनार और हाई-रिज़ॉल्यूशन फोटोग्राफी सहित कई उपकरणों का उपयोग कर 3,400 मीटर की गहराई पर की गई।

### चेन्नई तट से मिले मलबे के संकेत

एयूवी की ओर से ली गई तस्वीरों की जब जांच की गई तो चेन्नई तट से लगभग 140 समुद्री मील (310 किमी) दूर समुद्र तल पर एक दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे की मौजूदगी का संकेत मिला। हालांकि, अब यह देखना है कि भारतीय वायुसेना खुद मलबे को बाहर निकालने के लिए कोई ऑपरेशन चलाती है या फिर किसी एजेंसी की मदद लेती है। इस संबंध में मंत्रालय की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## जरूरी खबर

### पांच किमी पीछा कर दो गो तस्करों को दबोचा



**डीग।** सीकरी थाना इलाके में गोवंश को लेकर जा रहे दो गो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गोवंश की तस्करी कर रहे पिकअप को एक बोलेरो एस्कॉर्ट कर रही थी। DST टीम ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। जिसके बाद टीम ने गो तस्करों का 5 किलोमीटर तक पीछा किया। सड़क पर लोहे के कांटे डालकर उनकी गाड़ियों के टायर पंचर किए गए। जिसके बाद उन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। इंचार्ज सुल्तान सिंह ने बताया कि पिकअप से 8 गोवंश बरामद किए गए। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वह गोवंश को हरियाणा के कट्टी घर लेकर जा रहे थे।

### महिलाओं के साथ मारपीट के विरोध में किया प्रदर्शन

**करौली।** जिले में भूमि विवाद में महिलाओं के साथ मारपीट कर उन्हें घायल करने के मामले में माली समाज ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के जरिए मारपीट की घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी। करौली नगर परिषद के उपसभापति सुनील सैनी ने बताया कि 12 दिन पहले भद्रावती नदी के पास आमन का पुरा में भूमि विवाद को लेकर महिलाओं समेत 6-7 लोगों के साथ मारपीट की गई थी। इसके बाद से आरोपी पक्ष पीड़ितों पर राजीनामा करने का दवाब बना रहे हैं।

### सीवरेज खुदाई के दौरान चार मजदूर मिट्टी में दबे



**बीकानेर।** बीकानेर के रंगा कॉलोनी क्षेत्र में सीवर लाइन की खुदाई करते हुए चार मजदूर करीब आठ-दस फीट की गहराई में मिट्टी में दब गए। आसपास खड़े युवकों ने हिम्मत दिखाई और चारों को मिट्टी खोदकर जिंदा बाहर निकाल लिया। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस से पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर लेकर पहुंची। रंगा कॉलोनी की संकड़ी गली में सीवर लाइन खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान भूरा और उसके तीन साथी सीवर की खुदाई कर रहे थे। जहां खुदाई चल रही थी, वहां अचानक गड्डा आ गया और चारों उसी में समा गए। करीब आठ फीट तक अंदर चले गए।



#### बीकाणे में तीन दिवसीय उत्सव में होंगे विभिन्न आयोजन

# हेरिटेज वॉक के साथ शुरू हुआ अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव

**बेधड़क** | बीकानेर

बीकानेर में अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव शुक्रवार से शुरू हो गया है। उत्सव की शुरूआत "हेरिटेज वॉक" से की गई, जिसमें देशी-विदेशी सैलानी शामिल हुए। हेरिटेज वॉक में सजे-धजे ऊंट और पारम्परिक रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजी-धजी महिलाओं और लोक कलाकारों ने शिरकत की। राजस्थानी कलाकारों ने वाद्य यंत्र बजाकर और नृत्य कर विदेशी मेहमानों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया।

संभागीय आयुक्त उर्मिला राजौरिया ने हरी झंडी दिखाकर रामपुरिया हवेली से हेरिटेज वॉक को रवाना किया। जिसका समापन बीकाजी की टेकरी पर हुआ। इस दौरान टेकरी पर रंगोली, मेहंदी और चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं। हेरिटेज वॉक के दौरान स्थानीय लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से विदेशी पर्यटकों को भी थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, संभागीय आयुक्त उर्मिला राजौरिया, जिला कलेक्टर बीपी कलाल,रेंज आईजी ओमप्रकाश सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## लोक कलाकारों के साथ थिरके विदेशी पर्यटक





### लोक संस्कृति के जश्न में डूबे

तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव का उत्साह शुक्रवार को अपने चरम पर रहा। उत्सव के पहले दिन देशी-विदेशी सैलानी लोक संस्कृति के इस जश्न में डूबे नजर आए। इस दौरान हेरिटेज रूट की हवेलियों की बारीक नक्काशी देखकर पर्यटक अभिभूत हुए। उनमें पूरे दृश्य को अपने-अपने कैमरों में कैद करने की होड़ सी दिखी। स्थानीय लोक कलाकारों ने लोक गीतों के साथ रम्मतों के दौरान गाए जाने वाले गीत प्रस्तुत किए और नृत्य करते हुए यहां की संस्कृति से रूबरू करवाया। लोगों में लोक कलाकारों के साथ सेल्फी लेने का क्रेज भी देखा गया। वॉक के दौरान शहरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा और रंगोली सजाकर मेहमानों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

### आज करतब दिखाएंगे ऊंट

उत्सव के दूसरे दिन शनिवार को राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र के मैदान पर ऊंटों के करतब होंगे। अंतिम दिन रायसर के धोरों पर दिनभर आयोजन चलेंगे। इस ऊंट उत्सव में विदेशी सैलानियों की संख्या इस बार भी कम नजर आ रही है।

### ये होंगे कार्यक्रम

14 जनवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय ऊंट उत्सव में ऊंट दौड़ के साथ घुड़दौड़, बीकानेर कार्निवल, क्लासिकल फॉर्म्स ऑफ आर्ट्स, सेलिब्रिटी नाइट और अग्नि नृत्य समेत स्थानीय कला और संस्कृति के रंगों से सराबोर कार्यक्रम देखने को मिलेंगे। 13 जनवरी को ही एनआरसीसी में ऊंट दौड़, ऊंट श्रृंगार, ऊंट डांस तथा ऊंट फर कटिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान हॉर्स रेस का आयोजन भी किया जाएगा। 13 जनवरी की शाम को ही डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में फोक नाइट, सॉयल्स का सन का आयोजन होगा, जिसमें विख्यात कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगीं। 14 जनवरी को रायसर की सैंड ड्यून्स में सेलिब्रेटी नाइट सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय उंट उत्सव को देखने के लिए बड़ी संख्या में देसी-विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं और रंगारंग कार्यक्रमों का लुत्फ उठाते हैं।

#### दिल्ली में कई दिनों से चल रहा प्रदर्शन

## आरक्षण को लेकर विश्नोई समाज करेगा महापंचायत



**बेधड़क** | जोधपुर

केंद्र सरकार की नौकरियों में विश्नोई जाति के युवाओं को ओबीसी में आरक्षण को लेकर लोहावट के पूर्व विधायक किशनाराम विश्नोई ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर विश्नोई समाज लामबंद हो रहा है। दिल्ली में कई दिनों से प्रदर्शन चल रहा है। हाल ही में समाज के नेता कुलदीप विश्नोई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर आरक्षण की मांग रखी है।

उन्होंने कहा कि इस मांग को लेकर अब महापंचायत बुलाने की तैयारी की गई है। फरवरी के दूसरे सप्ताह में जोधपुर संभाग के विश्नोई समाज की महापंचायत आयोजित की जाएगी। ओबीसी आरक्षण संघर्ष समिति के तत्वावधान में यह महापंचायत होगी। फरवरी के दूसरे सप्ताह में होने वाली महापंचायत में हजारों की संख्या में विश्नोई यहां एकत्र होंगे, इनमें जोधपुर के अलावा, नागौर, बाड़मेर, जैसलमेर, जालौर, सांचौर, बीकानेर से लोग आएंगे। किशनाराम विश्नोई ने कहा कि केंद्र सरकार ने जाटों को आरक्षण दे दिया, जबकि विश्नोई में और जाटों में कोई अंतर नहीं है, लेकिन हमें आरक्षण से वंचित रखा गया है। प्रदेश की पिछली गहलोत सरकार ने इसकी अनुशंषा भी केंद्र को भेजी थी। समाज के लोगों से चर्चा करने के लिए यह महापंचायत आयोजित की जा रही है। किशनाराम विश्नोई ने कहा कि 1999 अटल बिहार वाजपेयी ने जब जाटों को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल किया गया था, उस समय विश्नोई भी मांग कर रहे थे, लेकिन उन्हें शामिल नहीं किया गया।

#### तीन बदमाशों ने बैंक में की फायरिंग

## भरतपुर: PNB में 23 हजार रुपए की लूट

**बेधड़क** | भरतपुर

शहर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दिनदहाड़े तीन अज्ञात बदमाश फायरिंग कर बैंक से 23 हजार रुपए की नकदी लूट कर फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद जिले में नाकाबंदी कर दी गई है और बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं।

बैंक लूट के समय बैंक पर न तो कोई सुरक्षा गार्ड तैनात था और न ही बैंक में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की गुणवत्ता सही पाई गई। सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों का हुलिया भी स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब ढाई-तीन बजे उद्योग नगर थाना क्षेत्र के पीएनबी बैंक के बाहर बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाश आकर रुके। दो बदमाशों ने अपने चेहरे मफलर से ढक रखे थे और तीसरे ने हेलमेट पहन रखा था। एक बदमाश बैंक के बाहर रुक गया, जबकि दो बदमाश बैंक में अंदर घुस गए।

पुलिस के अनुसार दोनों बदमाश करीब 6-7 मिनट तक पर्ची भरने के बहाने से बैंक में ही बैठे रहे। उसके बाद एक बदमाश कैशियर काउंटर के पास पहुंचा और हवाई फायर किया। बैंक की छत में फायर लगा है, उसके बाद कैश काउंटर पर रखे करीब 23 हजार रुपए की नकदी को लेकर बदमाश फरार हो गए।

#### युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को किया याद

## वंचित वर्ग का कल्याण, भाजपा सरकार की प्राथमिकता: गहलोत

**बेधड़क** | पाली



सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने आज शुक्रवार को पाली शहर स्थित राजापार्क में स्वावलंबन फाउंडेशन की ओर से आयोजित दिव्यांगजनों के बाल मेले में संबोधित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्तियों व वंचित वर्ग का कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सेवा परमो धर्म है और दिव्यांग जनों की सेवा पुण्य का कार्य हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के लिए लाभ दिलाने वाली योजनाओं जिनमें पेंशन, स्कॉलरशिप, दिव्यांग जनों के लिए एवं अनेक योजनाएं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग चला रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को याद किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद पुष्प जैन तथा पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने समारोह को संबोधित करते हुए इस सेवा कार्य को महान कार्य बताया। इस अवसर पर स्वावलंबन फाउंडेशन के विवेक भंडारी, हेमंत राजेश एवं लगभग एक हजार दिव्यांगजन बच्चे व आमजन मौजूद थे।

#### चिकित्सा शिविर में मेहंदीपुर बालाजी पहुंची दौसा सांसद

## कांग्रेस नेतृत्व पंगु और विकलांग: मीणा

**बेधड़क** | दौसा



मेहंदीपुर बालाजी में शुक्रवार को क्षत्रिय स्वर्णकार सभा के तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दौसा सांसद जसकौर मीणा ने शिरकत की। सांसद जसकौर मीणा ने कहा, कांग्रेस की दो ही नीतियां हैं वोट बैंक प्राप्त करना और तुष्टीकरण करना। इसी के आधार पर कांग्रेस चल रही है। आज कांग्रेस का नेतृत्व पंगु और विकलांग है।

ओछी मानसिकता वाले इन लोगों को यह पता नहीं है कि मूंगफली जमीन के ऊपर उगती है, यह जमीन के नीचे ऐसे लोगों में धार्मिक समझ और सनातनी समझ नहीं हो सकती है।

इस दौरान उन्होंने शिविर में आए मरीजों को स्वास्थ किट भेंट की। वहीं, मीडिया से बात करते हुए सांसद जसकौर ने मानव सेवा को सर्वोपरि बताते हुए 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा, कांग्रेस ने 60 साल में देश को पीछे धकेलने का काम किया है। लेकिन भाजपा के नेतृत्व में देश 10 साल में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। सांसद ने कांग्रेस द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करने की बात पर कांग्रेस पर तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए कहा, जिसके मन में जैसी भावना है, वैसे ही उसके भाव होते हैं। कांग्रेसी नेताओं के दिमाग में सिर्फ सत्ता भोग करना है। लेकिन भाजपा के शासनकाल में देश में रामराज्य स्थापित हो रहा है। इसलिए 22 जनवरी को रामलला अपने स्थान में फिर से प्रस्थान कर रहे हैं।

#### सत्ता से बाहर होते ही कांग्रेसी नेताओं पर छाने लगे संकट के बादल

# अविश्वास प्रस्ताव पारित, पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्रा की कुर्सी छिनी

■ चेयरमैन के खिलाफ 32 वोट पड़े

**बेधड़क** | दौसा



पिछले 3 साल से निर्बाध रूप से लालसोट नगर पालिका की अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठी कांग्रेस की रक्षा मिश्रा की कुर्सी शुक्रवार को अविश्वास मत पारित होने के साथ ही छीन गई। जब तक कांग्रेस का राज रहा रक्षा मिश्रा अध्यक्ष के पद पर बनी रही।

कांग्रेस का राज जाने के साथ ही अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास मत की सुगबुगाहट तेज होने लगी। इसी के साथ शुक्रवार को चेयरमैन की कुर्सी को छोड़ना पड़ा। गौरतलब है कि रक्षा मिश्रा के लिए लालसोट से भाजपा के विधायक रामविलास मीणा के नेतृत्व में 31 पार्षदों ने कुछ दिन पूर्व दौसा पहुंचकर कलेक्टर को भी अविश्वास मत को लेकर एक पत्र सौंपा था। जिसके बाद कलेक्टर ने नगर पालिका में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर शुक्रवार की तारीख तय की थी। इसी के चलते नगरपालिका में बैठक आयोजित की गई और वोटिंग करवाई गई। इसी के साथ अध्यक्ष रक्षा मिश्रा के खिलाफ 32 वोट पड़े। जिसके कारण अब लालसोट नगर पालिका अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया है। लालसोट नगर पालिका में कुल 35 वार्ड हैं। जिनमें 13 वार्ड पार्षद कांग्रेस के और 13 भाजपा के हैं।

वहीं 9 वार्ड पार्षद निर्दलीय हैं। बता दें कि लालसोट नगर पालिका के निकाय चुनाव के दौरान कांग्रेस की रक्षा मिश्रा नगर पालिका की अध्यक्ष बनी थीं।

### विपक्ष के खाते में एक भी वोट नहीं

जिला परिषद सीईओ धारा सिंह मीणा ने बताया कि वोटिंग के बाद जब मतगणना हुई, तो अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 32 वोट प्राप्त हुए। वहीं विपक्ष के खाते में एक भी वोट प्राप्त नहीं हुआ। इसी के कारण अविश्वास प्रस्ताव को पारित कर दिया गया है। जिसके चलते अब प्रशासन ने लालसोट नगर पालिका के अध्यक्ष का पद रिक्त घोषित कर दिया है। वहीं अब नए पालिका अध्यक्ष के लिए राज्य सरकार और निर्वाचन विभाग के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान लालसोट विधायक रामविलास मीना ने कहा कि नगर पालिका की कार्ययोजना से परेशान पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। आने वाले समय में बोर्ड के पार्षदों की मंशा के अनुरूप ही नया चेयरमैन बनाया जाएगा।

### पार्षदों के साथ विधायक ने की बैठक

इस बैठक में अध्यक्ष के विरोधी पार्षद एक साथ बस के माध्यम से लालसोट पहुंचे और बैठक में हिस्सा लिया। इसके बाद अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हुई। ऐसे में चर्चा के बाद अविश्वास प्रस्ताव के लिए वोटिंग का समय निर्धारित किया गया था। दोपहर 12 बजकर 35 मिनट से शुरू हुई वोटिंग प्रक्रिया 1 बजकर 35 मिनट तक चली। जिसमें लालसोट के विधायक रामबिलास मीणा और 31 पार्षदों ने वोटिंग की। वहीं लालसोट नगर पालिका की अध्यक्ष रक्षा मिश्रा और उपाध्यक्ष संतोष स्वामी सहित कुल चार पार्षदों ने वोटिंग प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। जिसके चलते 31 पार्षद और एक विधायक ने ही इस चुनाव प्रक्रिया में वोट डाला।



### कार्रवाई के खिलाफ कोर्ट जाऊंगी: मिश्रा



इस पूरे मामले में कांग्रेस की रक्षा मिश्रा का कहना है कि वे इस कार्रवाई के खिलाफ कोर्ट जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन दबाव में काम कर रहा है। कांग्रेस के पार्षदों को भी दबाव में लेकर अविश्वास प्रस्ताव के लिए शामिल किया गया है। लालसोट में पहली बार किसी अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया है, यह परंपरा गलत है। उन्होंने कहा कि पूरे राजस्थान में एकमात्र ब्राह्मण अध्यक्ष थी। उसके खिलाफ भी इस तरह का अविश्वास लाया गया है।

**विवेकानंद दर्शन:** विज्ञान एवं अध्यात्म सेतु कार्यक्रम में 30 हस्तियों का सम्मान, समारोह में वक्ताओं ने कहा...

# ऋषि और कृषि परम्परा को भूलने से हुआ हमारे संस्कारों का हनन

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'विवेकानंद दर्शन : विज्ञान एवं अध्यात्म सेतु' का शुक्रवार को आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम विज्ञान भारती एवं सनराइज कृषि भूमि विकास एवं अनुसंधान प्रा.लि. जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में श्रीपिंजरापोल गोशाला के सुरभि सदन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम संयोजक मुकेश भारद्वाज ने बताया कि समारोह में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए 30 विशिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे यूथ आइकन विनायक शर्मा का युवाओं में क्रेज दिखा। युवाओं में शर्मा के साथ सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारत में दो परंपराएं चली हैं जिसके आधार पर भारत जागृत रहा है। एक ऋषि और दूसरी कृषि परम्परा। इन परम्पराओं को भूलने से हमारी संस्कृति अधकचरी हो गई है। डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गाय के गोबर से जैविक खेती करने की जरूरत है।



## यूथ आइकन विनायक शर्मा का युवाओं में दिखा क्रेज, सेल्फी लेने की लगी होड़

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी, आरएसएस के क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख डॉ. श्रीकांत, विज्ञान भारती के सचिव डॉ. मेघेंद्र शर्मा व भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता, महामंडलेश्वर सीताराम त्रिपाठी, शिवनंदन महाराज, संत प्रकाश महाराज, आचार्य अनुपम जौली, अमरनाथ महाराज, श्रीपिंजरापोल गौशाला समिति केशिवरतन चितलांगिया, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष खीमा राम चौधरी, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पा राठौड़ विजय चटर्जी, राधेश्याम उपाध्याय, कमलेश टाक, हेमंत शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हीरेन जोशी ने किया।



### रामाभिषेकम् कार्यक्रम के लिए किया आमंत्रित

युवा दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सच बेधड़क ग्रुप के फाउंडर व एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने शिरकत की। शर्मा ने मंचासीन साधु संत एवं समाज के हर वर्ग से पहुंचे विशिष्ट अतिथियों के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन कर दीप प्रज्वलन किया। इस दौरान अतिथियों के साथ सच बेधड़क फाउंडर व एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा का मंच पर सम्मान किया गया। शर्मा ने संबोधित करते हुए आगामी 15 जनवरी को होने वाले भव्य रामाभिषेकम कार्यक्रम व महाआरती में मौजूद लोगों को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्रतिष्ठा से पहले जयपुर में अल्बर्ट हॉल पर राम की भव्य आरती और रामाभिषेकम होगा। कार्यक्रम में कैलाश खैर अपने बेंड कैलाशा के साथ प्रस्तुति देंगे। उन्होंने कहा कि सभी आमजन को राम काज में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य लोगों ने विनायक शर्मा को राम काज के लिए उनका समर्पण देख आशीर्वाद दिया।

## जरूरी खबर

### डिप्टी सीएम ने किया इलेक्ट्रोपैथी प्रदर्शनी का उद्घाटन



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय इलेक्ट्रोपैथी प्रदर्शनी व सेमिनार का उद्घाटन किया। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा परिषद की ओर से आयोजित इस दो दिवसीय सेमिनार का मुख्य विषय 'रीनल डिजीज एंड इलेक्ट्रोपैथी एप्रोच' रखा गया है। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष हेमंत सेठिया ने बताया कि इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक काउंट सीजर मैटी के जन्मदिवस को विश्व भर में इलेक्ट्रोपैथी दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रोपैथी अब तक की सभी चिकित्सा पद्धतियों से भिन्न है। यह पद्दति कम समय में तेजी से लोगों के इलाज के लिए कारगर साबित हो रही है। प्रदर्शनी में सांसद रामचरण बोहरा सहित संबंधित चिकित्सक व अन्य लोग मौजूद रहे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**इस बार मकर संक्रांति 15 को:** उत्साह बाजार में भी, लोगों में भी

# 3 दिन होगी पतंगों की लड़ाई 'नेताजी' भी दिखाएंगे दमखम

**पीएम मोदी, सीएम भजनलाल और अन्य नेताओं की पतंगे बाजार में, बरेली के मांझे की ज्यादा डिमांड**

बेधड़क | जयपुर

मकर संक्रांति इस बार जयपुराइट्स के लिए स्पेशल रहने वाली है। यह पर्व सोमवार को है और इस दिन सरकारी छुट्टी रहेगी, लेकिन इससे पहले शनिवार और रविवार होने से यह अवकाश तीन दिन का हो जाएगा। ऐसे में पतंग उड़ाने के लिए इस बार लोगों को तीन दिन मिलेंगे। इस पतंगोत्सव को लेकर उत्साह साफ नजर आ रहा है-लोगों में भी और बाजार में भी।

त्योहार से पहले ही राजधानी की दुकानें पतंग और साज सजावट के सामानों से सज चुकी है। परकोटे में किशनपोल बाजार, रामगंज, हाण्डीपुरा, जगननाथ शाह का रास्ता, घाटगेट पर दुकानों में रंग बिरंगी पतंगे और सजावट के समान दिखाई देने लगे हैं। बाजार में इस बार पतंगों को भी राजनीति का रंग चढ़ा हुआ है। बाजार में दुकानों पर प्रधानमंत्री मोदी और अन्य नेताओं की पतंगे आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहीं, इस बार पंतगों की कीमत में कम इजाफा होने से पतंग व्यापार से जुड़े लोगों को अच्छे मुनाफे की उम्मीद है।



### नेताओं की पतंगें आकर्षण का केंद्र

बाजार में तरह-तरह के नेताओं की पतंगे भी लोगों को बहुत पसंद आ रही है। बाजार में पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल के चेहरे वाली पतंगे लोगों को सर्वाधिक पसंद आ रही है। विधानसभा चुनावों के बाद लोकसभा चुनावों में होने वाले घमासान से पहले शहर की आसमानों में राजनेता घमासान करते दिखाई देंगे। पतंगों में नरेंद्र मोदी के अलावा योगी आदित्यनाथ, अशोक गहलोत, सोनिया गांधी और सचिन पायलट के चित्र की पतंगे उड़ती दिखाई देंगी।

### लाल और काला मांझा डिमांड में

बाजार की दुकानों में बरेली के बने मांझे की ग्राहक स्पेशल डिमांड कर रहे हैं। मांझे में लाल और काला रंग लोगों द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है। मांझे की स्पेशल डिमांड को देखते हुए दुकानदारों ने भी इस मांझे के दामों बढ़ोतरी की हैं। जहां पहले बरेली के मांझे का चरखा ढाई सौ रुपए में मिल जाता था, लेकिन इस बार के मकर संक्रांति के सीजन पर मांझे का चरखा 350 से 400 रुपए के आसपास मिल रहा है।

### नए जमाने की पतंगों को लेकर भी युवाओं में क्रेज

वहीं, तीन पीढियों से पतंग बेचने का काम कर रहे पतंग विक्रेता इमरान खान ने बताया कि इस बार मकर संक्रांति की सीजन पर लोगों को 2024 के नाम से बनी पतंगे और नए जमाने के आकार की बनी पतंगी लोगों को अत्यंत पसंद आ रही है। ग्राहक बरेली के मांझे की डिमांड कर रहे हैं। उसमें काला और लाल रंग लोगों द्वारा ज्यादा खरीदा जा रहा है।




### सर्दी की वजह से मार्केट चल रहा स्लो, अब बढ़ी उम्मीद

पतंग विक्रेता अभिमन्यु शाह बताते हैं कि इस बार सर्दी ज्यादा पड़ने से लोग पतंग खरीदने कम आ रहे हैं। इस वजह से अभी का मार्केट थोड़ा धीमा चल रहा है, लेकिन शनिवार से पतंग खरीदारी में बढ़त होने की उम्मीद है। जैसे-जैसे मकर संक्रांति करीब आ रही है, वैसे-वैसे पतंग ग्राहकों की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

### सुबह-शाम दो घंटे रोक

सरकार की ओर से पक्षियों को बचाने के लिए सुबह 6 से 8 बजे तक और शाम को 5 से 7 बजे तक पतंगबाजी पर रोक भी लगाई गई है। डॉक्टर अशोक तंवर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सुबह पक्षी अपना खाना तलाश करने निकलते हैं और शाम के समय अपने घोसलों में वापस लौटते हैं। चाइनीज मांझा का उपयोग नहीं करें, सादा डोर से पतंग उड़ाएं। पक्षी के घायल होने पर उसका ब्लड लॉस रोकने के लिए बीटाडीन का उपयोग करके कॉटन लगा दें।





### एनजीओ ने लगाए बड्‌र्स ट्रीटमेंट कैंप

पतंग की डोर में फंसकर घायल होने वाले पक्षियों की जान बचाने के लिए वन विभाग अलर्ट है। इसके लिए वन विभाग की ओर से जयपुर शहर में विभिन्न एनजीओ के सहयोग से करीब एक दर्जन से ज्यादा बड्‌र्स ट्रीटमेंट कैंप लगाए जाएंगे। वहीं, वन विभाग की ओर से अशोक विहार में उपचार केंद्र बनाया गया है। 16 जनवरी तक ये पक्षी उपचार शिविर लगाए जाएंगे। ज्यादातर एनजीओ के बड्‌र्स ट्रीटमेंट शिविर 13 से 15 जनवरी तक लगाएंगे। रक्षा संस्थान की ओर से पूरे 12 महीने पक्षियों के ट्रीटमेंट के लिए मालवीय नगर में सेंटर बना हुआ है, लेकिन मकर संक्रांति पर शहर में अस्थाई रूप से अलग-अलग जगह पर कैंप लगाए गए हैं।

**JDC ने किया प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण**

# तय समय में काम पूरा करें, निर्माण में नहीं बरतें लापरवाही: मंजू



बेधड़क | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त मंजू राजपाल ने शुक्रवार को शहर में वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट्स को देखने के लिए शहर के दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने झोटवाडा एलिवेटेड पुलिया और एसएमएस अस्पताल स्थित निर्माणाधीण आईपीडी टावर का निरीक्षण किया। जेडीसी ने अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारियों से दोनों प्रोजेक्ट्स की जानकारी लेते हुए प्रोजेक्ट्स को समय सीमा में पूर्ण करने और काम में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट्स की निरन्तर मॉनिटरिंग की जाए, जिससे प्रोजेक्ट्स तय समय सीमा में पूर्ण हो और आमजन को इन प्रोजेक्ट्स का अधिक से अधिक लाभ मिले। जेडीसी ने जेडीए मुख्यालय में बैठक कर अधिकारियों से परिचय किया और उनके कार्यदायित्वों की जानकारी ली। उन्होंने जेडीए के वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट्स की जानकारी भी प्राप्त की। बैठक में उन्होंने टाउन प्लानिंग शाखा के कार्यो, कार्यक्षेत्र, मास्टर प्लान एवं नॉर्थन रिंग रोड की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मास्टर प्लान-2025 में पूर्व में जिन बिंदुओं पर कार्य नहीं हो पाया है, उन बिंदुओ में से जिस भी बिंदु पर एक वर्ष में कार्य किया जा सकता है, उन पर कार्य करने के निर्देश दिए।

**हूपर्स के साथ हेल्पर भी होगा**

## 200 बाजारों में ग्रेटर निगम कराएगा दो पारियों में सफाई

**जयपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में पिछड़ने के बाद ग्रेटर निगम अब मुख्य बाजारों में सफाई को लेकर एक नया प्रयोग करने जा रहा है। ग्रेटर निगम क्षेत्र में आने वाले बाजारों में दो पारियों में सफाई की जाएगी। ऐसे में 200 बाजारों से दो पारियों में दुकानों के अलग-अलग समय के अनुसार कचरा उठाया जाएगा और इसके साथ ही प्रत्येक हूपर्स पर लगे हेल्पर डस्टबिन से कचरा एकत्र करेगा। ग्रेटर आयुक्त रुक्मणी ने समस्त जोन उपायुक्तों, उपायुक्त स्वास्थ्य, अधिशाषी अभियंता को निर्देश जारी किए हैं। आयुक्त रुक्मणी रियार ने बताया कि 200 बाजारों से दो पारियों में कचरा उठाया जाएगा। उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन



भारद्वाज ने बताया कि सभी बाजारों का सर्वे कराया गया था, जिसके अन्तर्गत सभी बाजारों से खुलने-बंद होने का समय और व्यापार मण्डलों के पदाधिकारियों की सूची मांगी गई थी। इस सूची के अनुसार सुबह 8 बजे से रात्रि 10:30 बजे के बीच बाजारों से कचरा एकत्रित करने के साथ हूपर्स में एक हेल्पर भी लगाया गया है।

**राष्ट्रीय युवा दिवस: रोजगार मेले में स्टूडेंट्स ने लगाई गोलगप्पे-चाट की स्टाल**

# युवा राष्ट्र निर्माण, देश का सम्मान और ताकत बढ़ाने का लें संकल्प: दिलावर

बेधड़क | जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विद्यार्थियों और युवाओं का आह्वान किया है कि वे स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरणा लेकर खुद को ताकतवर बनाएं। योग्य नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण, देश का सम्मान और ताकत बढ़ाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि युवा और विद्यार्थी नये तरीके से सोचे और देश को सशक्त बनाने के लिए खुद को हर क्षेत्र में ताकतवर बनाते हुए आगे बढ़े। दिलावर शुक्रवार को जयपुर में गांधीनगर स्थित शहीद ले. अभय पारीक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस और कॅरियर डे के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व में हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और धार्मिक विशेषताओं का प्रसार करते हुए दुनिया के लोगों को हमारी ताकत से परिचित कराया। उन्होंने दुनिया में हमारे देश की महानता का लोहा मनवाया, आज हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस बात को और ताकत दी जा रही है। उनकी अगुआई में विश्व पटल पर देश का मान निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि युवा इस देश की ताकत है, वे प्रगति में सतत भागीदारी निभाते हुए इस बात का प्रण करें कि वे देश को मजबूत बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। युवाओं के आगे बढ़ने से देश को ताकत और प्रसिद्धी मिलेगी। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने व्यक्तित्व में निखार लाने और तरक्की की राह पर अग्रसर होने के लिए नशे और नकारात्मक चीजों से दूर रहें।



### 17500 स्कूलों में हुआ आयोजन

प्रदेश में शिक्षा विभाग द्वारा सीनियर सेकंडरी 17500 स्कूलों में राष्ट्रीय युवा दिवस को करिअर डे के रूप में मनाने का फैसला किया गया था। इस दौरान कॉमर्स, आर्ट्स और साइंस के स्टूडेंट्स के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें करिअर के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने कहा कि जो युवा और विद्यार्थी करियर में सफलता के लिए अपना शत-प्रतिशत देते हैं, ईश्वर उनके सपने साकार करता है। जयपुर के जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार हंस ने बताया कि स्कूलों में टीचर्स को स्टूडेंट्स को गाइड करने की जिम्मेदारी दी गई थी। जो भी सीनियर टीचर विशेषज्ञ हैं, वह स्टूडेंट्स को उनके करियर में बेहतर विकल्पों की जानकारी देंगे। इस तरह की गाइडलाइन जारी की गई थी। इस मौके पर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अतिरिक्त परियोजना निदेशक अनिल पालीवाल और अतिरिक्त निदेशक ममता दाधीच सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, शिक्षाविद, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### स्टाल का किया निरीक्षण

मंत्री दिलावर ने इस मौके पर विद्यालय मे करिअर डे के तहत बालिकाओं द्वारा लगाई गई स्टाल्स भी देखी और इस अवसर पर आयोजित गतिविधियों का अवलोकन करते हुए उनकी हौसला अफजाई की। गौरतलब है कि प्रदेश की सरकारी स्कूलों में विवेकानंद जयंती को करिअर डे के रूप में मनाया गया। इसके तहत सीनियर सेकेंडरी सरकारी स्कूलों में अलग-अलग इंडस्ट्रीज के विशेषज्ञ द्वारा काउंसलिंग, रोजगार और विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी देने के साथ ही भविष्य के अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराने का फैसला किया गया था। विद्यालय में 11वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स द्वारा गोलगप्पे-चाट की स्टाल भी लगाई गई। पोहे और चना मसाला सहित कई तरह की स्टाल लगाई गई। शिक्षा मंत्री ने भी गोलगप्पे का स्वाद चखा।

# बीमारू राज्यों का विकास मॉडल



प्रेम प्रकाश
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत में विकास और अर्थव्यवस्था को लेकर वैश्विक अवधारणाएं आमतौर पर उस तरह प्रचलन में नहीं रही हैं, जैसा बाकी देशों के मामले में होता रहा है। अलबत्ता ग्लोबलाइजेशन के बाद के दौर में यह स्थिति बदली है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आर्थिक आधार और वर्गीकरण अब सभी जगह न सिर्फ मान्य हैं, बल्कि इसके आधार पर ही सरकारें नीतिगत फैसले लेती हैं। बावजूद इस बदलाव के भारत के संघवादी ढांचे में राज्यों की स्थिति का मूल्यांकन करें तो कुछ पुराने तथ्य, अवधारणाएं और मान्यताएं आज भी प्रभावी हैं। इसमें सबसे अहम है बीमारू राज्य को लेकर समझ और अवधारणा। 1980 के दशक में जनसांख्यिकी और आर्थिक विश्लेषक आशीष बोस ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी को एक रिपोर्ट सौंपी। बोस ने इस रिपोर्ट में देश के चार बड़े राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को 'बीमारू' राज्य बताया। इन राज्यों को आर्थिक विकास, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और अन्य सूचकांकों के मामले में पिछड़ने के कारण यह नाम दिया गया।

इसके बाद से न सिर्फ यह शब्द लगातार प्रचलन में बना हुआ है, बल्कि इस आधार पर राज्यों के विकास को अलग से चिह्नित और वर्गीकृत भी किया जाता रहा। पर बीते एक दशक में यह स्थिति बदली है। इस दौरान विकास को लेकर न सिर्फ राज्यों का नया चरित्र उभरा है, बल्कि यह भी देखने में आया है कि राज्य सरकारें अपने राजनीतिक स्थायित्व के लिए विकासवादी लीक पर आगे बढ़ने को विवश हैं। राज्यों का यह विकासवादी चरित्र उस दौर में उभरा है, जब प्रधानमंत्री पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनमी के साथ भारत को अगले कुछ वर्षों में दुनिया की शीर्ष तीन आर्थिक ताकतों में शुमार होने की बात कह रहे हैं। दिलचस्प है कि नए समय में राज्यों की विकासवादी महात्वाकांक्षा को नरेंद्र मोदी ने ही सबसे पहले राष्ट्रीय चर्चा में लाया था। यह बात तब की है जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे और विकास का गुजरात मॉडल चर्चित हुआ। इस बार जब पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए तो राजस्थान और मध्य प्रदेश में खासतौर पर वहां के सरकारों के विकास मॉडल की चर्चा हुई।

> “खासतौर पर यूपी के मुकाबले यह स्थिति बेहद निराशाजनक है। यह निराशा इसलिए भी बड़ी है कि सामाजिक न्याय से आगे यूपी में जहां विकास के समावेशी सरोकारों के साथ आर्थिक सबलता नजर आ रही है, वहीं बिहार का सामाजिक और राजनीतिक चरित्र आज भी पिछली सदी के अस्सी-नब्बे के दौर में ही उलझा हुआ है।”

राजस्थान में सत्ता परिवर्तन हुआ भी तो उसकी बड़ी वजह यह रही कि विकास की मोदी गारंटी कांग्रेस के चुनाव से ठीक पहले घोषित योजनाओं और वादों पर भारी पड़ा। आज इस चर्चा का दायरा बढ़ गया है और इसमें बीमारू ठहराए जाने वाले राज्य तो आगे बढ़ ही रहे हैं, पूर्वोत्तर से लेकर मध्य और दक्षिण भारत के कई राज्य भी आगे बढ़ते दिख रहे हैं। इस दौरान सबसे बड़ा बदलाव उत्तर प्रदेश में देखने को मिला है। देश का यह दूसरा सबसे बड़ा सूबा आज भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यूपी के लिए इस बदलाव के राजनीतिक मायने भी हैं क्योंकि यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में हुआ है। प्रमुख ऑनलाइन ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एसओआईसी डॉट इन की निवेश और शेयर बाजार को लेकर एक रिपोर्ट आई है। इसमें बताया गया है कि देश में जीडीपी हिस्सेदारी के मामले में महाराष्ट्र के बाद देश का दूसरा राज्य यूपी है। इस रिपोर्ट में शेयर निवेश के आंकड़ों को भी शामिल किया गया है। रिपोर्ट में महराष्ट्र की जीडीपी में हिस्सेदारी 15.7 फीसद बताई गई है, जबकि यूपी की 9.2 फीसद।

महाराष्ट्र के मामले में यह बात महत्वपूर्ण है कि आजादी के पूर्व से ही वह देश में आर्थिक गतिविधियों का केंद्र रहा है। माना तो यह जाता है कि भारत में औद्योगिक विकास की गति और नियति दोनों पर मराठा उद्यम और पुरुषार्थ का रंग हावी रहा है। यह और बात है कि देश के कई दूसरे हिस्से के उद्यमियों ने भी मुंबई आकर यहां की ताकत और संभावनाओं को आगे बढ़ाया। नई परिस्थिति में यूपी का प्रदर्शन देश में बड़े आर्थिक उलटफेर को दिखाता है। देश के जीडीपी में तमिलनाडु (9.1), गुजरात (8.2) और पश्चिम बंगाल (7.5) का विनियोग का आंकड़ा यूपी से कमतर होना भारत के नए अर्थ चरित्र को तो उभारता ही है, यह राज्यों की बढ़ती-घटती हैसियत को भी दिखाता है। इस दौरान देश में स्टॉक मार्केट में रिटेल निवेशकों की जो दिलचस्पी बढ़ी है, उसमें भी बीमारू ठहराए जाने वाले राज्य आगे हैं। भारत में शेयर बाजार में निवेश करने वालों की संख्या 2023 में आठ करोड़ के पार चली गई, जो 31 दिसंबर 2022 के मुकाबले 22.4 फीसद ज्यादा है। राज्यों के हिसाब से देखें तो शेयर बाजार में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी हिंदी पट्टी के राज्यों की रही। उत्तर प्रदेश ने 2023 में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई के लिए सबसे अधिक नए शेयर बाजार निवेशकों को जोड़ा। इसके साथ ही उसने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया। यह इसलिए भी अहम है क्योंकि पारंपरिक तौर पर महाराष्ट्र को निवेशकों का सबसे बड़ा गढ़ माना जाता है। गुजरात 76.68 लाख रजिस्टर्ड निवेशकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इस राज्य के रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या में 17.2 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। रजिस्टर्ड निवेशकों के ग्रोथ के मामले में बिहार और पश्चिम बंगाल का भी दबदबा बढ़ा है। बिहार और पश्चिम बंगाल में रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या भी 30 प्रतिशत से ज्यादा रही। यह दिखाता है कि इन राज्यों के लोगों का रुझान बाजार की ओर बढ़ रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## संदर्भ: बिलकिस बानो कांड में फैसला

# सरकार के मुंह पर 'सुप्रीम' तमाचा



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका

> “रिहाई के समय सरकार ने इनके नेक चरित्र का प्रमाण पत्र दिया। अदालत के बाहर भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं की ओर से इन बलात्कारियों को 'संस्कारी' व 'ब्राह्मण' बताकर इनके अपराधों को कम करने की कोशिश की गई। इनके जेल से बाहर आने पर जेल के मुख्य द्वार से लेकर कई सार्वजनिक समारोहों में इन कलंकी हत्यारों व बलात्कारियों का फूल मालाओं व तिलक के साथ स्वागत किया गया।”

विगत दस वर्षों में अनेक बार विभिन्न मामलों में केंद्र सरकार को आईना दिखाते रहने वाली देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने गत 8 जनवरी को गुजरात के 2002 के बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार व हत्या कांड मामले पर अपना एक और ऐतिहासिक फैसला देकर सरकार को इतना असहज कर दिया है कि उसके रणनीतिकारों को मुंह छिपाने लायक भी नहीं छोड़ा। गौरतलब है कि फरवरी 2002 में हुए गोधरा ट्रेन हादसे के बाद गुजरात के बड़े इलाके में फैले मुस्लिम विरोधी दंगों के दौरान अहमदाबाद के पास स्थित एक गांव में दंगाइयों की एक भीड़ ने बिलकिस बानो व उसके परिवार पर जानलेवा हमला किया था। इसी हमले के दौरान बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप किया गया जबकि वह उस समय पांच महीने की गर्भवती भी थी। बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप करने के साथ ही उनकी तीन साल की बेटी सालेहा की उसी के सामने बड़ी ही नृशंसता से हत्या भी कर दी गई थी। इस दौरान भड़की व्यापक हिंसा में दंगाइयों द्वारा बिलकिस बानो की मां उसकी छोटी बहन और कई रिश्तेदारों सहित 14 लोगों की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद इस मुकदमे की सुनवाई गुजरात के बजाय महाराष्ट्र में की गई, जिसमें 21 जनवरी, 2008 को मुंबई में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार करने व उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने के आरोप में इस जघन्य कांड में शामिल 11 अभियुक्तों को सबूतों, साक्ष्यों व गवाहियों के आधार पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

मुंबई उच्च न्यायालय ने भी बाद में सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा अपराधियों को दी गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा था। ये सभी अपराधी गोधरा जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। 2002 में जिस समय बिलकिस व उसके परिवार के सदस्यों के साथ यह हृदय विदारक घटना घटी उस समय बिलकिस की आयु लगभग 20 वर्ष की थी, परन्तु गुजरात सरकार ने बड़े ही आश्चर्यजनक ढंग से 2022 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यानी 15 अगस्त 2022 को इन सभी 11 हत्यारों व बलात्कारियों की सजा में छूट देते हुए उन्हें रिहा किए जाने का आदेश दे दिया था। इन सभी 11 दोषियों को गुजरात सरकार की माफी योजना के तहत रिहाई दी गई थी। रिहाई के समय सरकार ने इनके नेक चरित्र का प्रमाण पत्र दिया। अदालत के बाहर भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं की ओर से इन बलात्कारियों को 'संस्कारी' व 'ब्राह्मण' बताकर इनके अपराधों को कम करने की कोशिश की गई। इनके जेल से बाहर आने पर जेल के मुख्य द्वार से लेकर कई सार्वजनिक समारोहों में इन कलंकी हत्यारों व बलात्कारियों का फूल मालाओं व तिलक के साथ स्वागत किया गया। जिस समय देश में यह सब घटित हो रहा था, उस समय भाजपा की तरफ से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और 'नारी वंदन' जैसी लोक-लुभावन 'जुमले' इस्तेमाल करने वाली इसी सरकार की किसी भी महिला मंत्री या सांसद ने अपनी जुबान नहीं खोली। खोलती भी कैसे जब इन्हें मणिपुर में महिलाओं की नग्न परेड और सामूहिक बलात्कार ने विचलित नहीं किया। यह उस पर भी खामोश रहीं तो 2002 के गुजरात के जुल्म पर इन्हें क्या बोलना था? बहरहाल, बिलकिस बानो तत्कालीन सांसद महुआ मोइत्रा, सुभाषिनी अली व कई अन्य निडर एक्टिविस्ट के सहयोग से गुजरात सरकार के 15 अगस्त 2022 को इन अपराधियों को रिहा करने के फैसले के विरुद्ध उच्चतम न्यायलय गईं और आखिरकार पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बिलकिस बानो के साथ बलात्कार करने व उसके परिवार वालों की हत्या करने के उन सभी 11 दोषियों की सजा में छूट देकर रिहाई करने के गुजरात सरकार के निर्णय को अपनी सख्त टिप्पणियों व फैसले के साथ निरस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में जो टिप्पणियां की हैं वह सीधे तौर पर केंद्र व राज्य सरकार दोनों को कटघरे में खड़ा करती हैं।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद जहां आम लोगों में यह धारणा बलवती हुई है कि बहुमत व बहुसंख्यवाद की राजनीति के दौर में वर्तमान सत्ता कितनी भी अनियंत्रित क्यों न हो जाए, परन्तु देश में अदालत और कानून का राज अभी भी कायम है। अदालतें सत्ता को बेनकाब करने और उसे भी कटघरे में खड़ा करने की पूरी ताकत रखती हैं। उधर विपक्ष को भी पूरे बिलकिस प्रकरण में सत्ता पर अंगुली उठाने का भरपूर अवसर मिल गया है। विपक्षी दल भाजपा से संबंधित अथवा समर्थक उन नेताओं बाबाओं व रसूखदारों की सूचियां सार्वजनिक कर रहे हैं, जिन्हें बलात्कार व महिला शोषण के आरोप में सजा हुई या जेल जाना पड़ा अथवा बार-बार जेल से पेरोल पर आने का अवसर प्राप्त हुआ। इसीलिए विपक्ष, भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह से लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री चिन्मयानंद, पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर, नाबालिग से बलात्कार के आरोप में पिछले दिनों 25 वर्ष की सजा पाने वाले उत्तर प्रदेश भाजपा के विधायक राम दुलार गोंड़, हरियाणा के पूर्व मंत्री संदीप सिंह, कर्नाटक में भाजपा के पूर्व मंत्री रमेश जर्कीहोली, वाराणसी में पिछले दिनों बी टेक की छात्रा से सामूहिक बलात्कार करने व उसका वीडिओ बनाने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भाजपा सेल के चार पेशेवर बलात्कारी पदाधिकारी तथा 2018 के कठुआ (जम्मू) के आठ वर्षीय बालिका आसिफा के अपहरण, उसके साथ कई दिनों तक किए गए सामूहिक बलात्कार व बाद में उसकी हत्या कर उसका शव जंगल में फेंकने और इन सबके बाद हत्यारों व बलात्कारियों के पक्ष में इसी "संस्कारी" पार्टी के लोगों द्वारा जुलूस प्रदर्शन आदि करने जैसी घटनाओं को याद कर रहा है।

भले ही धार्मिक मुद्दों को उछालकर भाजपा अपने गुनाहों पर पर्दा डालने का प्रयास क्यों न करे और मीडिया से अपनी सफलताओं का ढोल पिटवाकर खुद ही अपनी पीठ क्यों न थपथपाती रहे, परन्तु जिस तरह एक के बाद एक कई ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, सरकार बलात्कारियों की मदद या उसका संरक्षण करती दिखाई दी है और सर्वोच्च न्यायालय सहित देश की विभिन्न अदालतों ने समय-समय पर उसे उसकी इस कार्यशैली के लिए बेनकाब किया है। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील व नैतिकतापूर्ण सरकार के लिए बेहद चिंतनीय व गंभीर है। एक बार फिर बिलकिस कांड को लेकर गुजरात की सरकार के मुंह पर एक और 'सुप्रीम' तमाचा जड़ा गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## व्यंग्य

# मीडिया में बने रहने की कला



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

बहुत दिनों बाद आज सुबह की गुनगुनी धूप में गुड़की को मित्र श्रीजी एक बेंच पर धूप सेकते मिले। श्रीजी ने पूछा गुड़की आजकल चुनाव के बाद क्या माहौल चल रहा है? कुछ नेता कुछ भी बोल कर मीडिया में छा रहे हैं? वह नेता भी क्या जो मीडिया में बसंत बहार की तरह छा न सके।

यह नेता जब अपना जन आधार खिसकने लगता है तो ऐसे ही अल्लम गल्लम स्टेटमेंट देकर चर्चा में बने रहते हैं। कोई सनातन धर्म विरोधी बात उछाल नेताओं की भीड़ में अपनी अलग पहचान बनाने का प्रयास करता है ,तो कोई लोकतंत्र की चुनाव प्रणाली को एरोप्लेन युग से बैलगाड़ी युग की और धकेलना ठीक मान रहा है। उनका तर्क है की ईवीएम की जगह बैलट पेपर से वोटिंग हो उन्हें इससे कोई लेना देना नहीं कि वह खर्चीली प्रणाली है ।कागज का बिगाड़ा होता है और समय भी अधिक लगता है तथा बूथ लूट होने की संभावना बनी रहती है ।अगर उनकी पार्टी हार गई तो ईवीएम दोषी और यदि जीत गई तो जनता को बधाई दी जाती है। चुनाव के दौरान कोई भी नेता अपने विपक्षी के लिए कुछ भी बोल देता है ।ऐसे में जब कभी उसके विरुद्ध जनता में अधिक विरोधी स्वर उठने लगते हैं तो पार्टी आला कमान ऐसे नेताओं केअप्रिय वक्तव्यों से बचने के लिए बोल देता है यह उनका व्यक्ति गत विचार है ,पार्टी का इससे कोई लेना देना नहीं है। पर कोई भी कुछ सोचे, उस नेता ने तो अपनी बात मीडिया में दे दी ।अच्छा बुरा लोगों की चर्चा का विषय हो ही गया।

लोकतंत्र में यदि कोई बयानवीर नेता अखबार और टीवी पर दिखाई नहीं देता तो उसे शांत ज्वालामुखी सा मान लिया जाता है ।पर वह गाहे बागाहे कुछ भी कड़वा तेजधारी बोल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कला का पूरा लाभ उठा ही लेता है।

आज प्रायः सत्ता के लिए नेता अपने या पार्टी के सिद्धांत को धता बता चुके हैं ।आज यहां कल वहां जहां भी मलाईदार लाभ मिल रहा हो उस पार्टी कीऔर रुख कर लेते हैं ।मीडिया से कह देंगे जन कल्याण और विकास के गंगा बहाने के लिए वह सब कुछ सही कर रहे हैं। राजनीति में क्या सही क्या गलत जिधर लाभकारी अवसर मिल जाये उधर ही पेड़ पर चढ़े बंदर की तरह कूद फांद कर एक डाल से दूसरी डाल को लपक लेते हैं ।मीडिया में ऐसे नेता हाशिये में धकेले नहीं जाते ,वह जब तब केंद्र में बने रहते हैं। कई नेता चुनाव आने के पहले कथा कीर्तन कराकर प्रसादी कार्यक्रम रखते हैं।तो कई हाथा जोड़ी परंपरा पर विश्वास रखते हैं ।जगह-जगह क्षेत्र के लोगों की मीटिंग करते हैं । सबका सार हैं मीडिया में और लोगों की जुबान पर बने रहना।

## नॉलेज कॉर्नर: जुड़वां बच्चों के लिए मशहूर है भारत का एक गांव, 400 से ज्यादा एक जैसे चेहरे

# ऐसा गांव जहां हर दूसरे घर में हैं ट्विंस

दुनिया में कई अजीबो-गरीब घटनाएं घटित होती हैं, जो देश-विदेश में खूब सुर्खियां बटोरती हैं। ये घटनाएं इतनी विचित्र होती हैं कि सुनने के बाद भी इन पर विश्वास नहीं होता है। इसी कड़ी में आज हम बात करने वाले हैं एक ऐसी जगह के बारे में जहां पर ज्यादातर बच्चे जुड़वां ही पैदा होते हैं। भारत में ऐसी जगह है जिसके बारे में सुनकर यकीन करना आसान नहीं होगा। केरल में एक गांव है जहां एक चेहरे के दो लोग हर दूसरे घर में मिल जाएंगे। सबसे बड़ी बात है कि ऐसा आज से नहीं बल्कि कई सालों से होता आ रहा है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं इस अनोखे गांव के बारे में जिसकी चर्चा पिछले लंबे समय से देश दुनिया में की जा रही है...

### कहां है यह गांव?

ये गांव भारत के केरल राज्य में है। इस गांव का नाम है कोडिन्ही। इस गांव को लोग ट्विन टाउन के नाम से भी जानते हैं। यहां कई सालों से जुड़वा बच्चे पैदा हो रहे हैं। यही वजह है कि जब आप यहां जाएंगे तो बच्चे और बूढ़े दोनों जुड़वा मिल जाएंगे। अगर आप पहली बार यहां जाएंगे तो एक चेहरे के दो लोगों को देख कर हैरान रह जाएंगे। सबसे बड़ी बात कि सिर्फ चेहरा ही नहीं कई लोगों के शरीर की बनावट भी एक जैसी है। इस गांव में एक दो नहीं बल्कि 400 से ज्यादा जुड़वा बच्चे हैं। अक्सर कई लोग यहां के जुड़वां लोगों को देखने के लिए दूर दूर से इस गांव में आते हैं। गांव के अधिकांश परिवारों के भीतर जुड़वां बच्चे ही जन्म लेते हैं। आखिर गांव में इतने सारे जुड़वां बच्चे क्यों पैदा होते हैं? इस बात की पड़ताल करने के लिए कई बार वैज्ञानिकों का दल गांव में आया, लेकिन वे इस रहस्य से पर्दा नहीं उठा पाए।



### 1940 में ऐसा पहला केस

गांव वालों की मानें तो जुड़वा बच्चों का पहला केस इस गांव में साल 1940 में आया था। हालांकि, 1990 के बाद इस गांव में जुड़वा बच्चों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई। यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गांव के ऊपर ईश्वर की एक विशेष कृपा है, जिसके चलते अधिकतर बच्चे जुड़वां जन्म लेते हैं। आपको बता दें कि पिछले 50 सालों के दौरान इस गांव में करीब 400 से भी ज्यादा जुड़वां बच्चों ने जन्म लिया है। वैज्ञानिक आज भी इसके पीछे के रहस्य को सुलझाने में जुटे हुए हैं। इसके लिए कई बच्चों के DNA का भी अध्ययन किया गया। लेकिन फिर भी कुछ सामने नहीं आया। हालांकि, कुछ लोग मानते हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि यहां का स्थानीय आहार ही ऐसा है कि इससे जुड़वा बच्चों के गर्भधारण की संभावना बढ़ जाती है।

### उत्सव मनाते हैं गांव वाले

*अगर आप इसे एक समस्या की तरह देख रहे हैं तो आप गलत हैं। दरअसल, यहां के लोकल लोग इसे एक आशीर्वाद के तौर पर देखते हैं। उनका मानना है कि यह ईश्वर की ओर से उनके लिए तोहफा है। यहां के लोग जुड़वा बच्चों के जन्म से इतने खुश हैं कि वो हर साल इसे लेकर एक वार्षिक उत्सव भी मनाते हैं।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

## X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
अमृतकाल का आरंभ गौरव से भरा हुआ है। हमारे युवा साथियों को इसे और आगे लेकर जाना है, भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।



**मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष
@kharge
भाजपा द्वारा ध्यान भटकाने के नैरेटिव की वजह से कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दे नहीं छोड़ेगी। 2024 में हमारा मुद्दे केवल ये हैं कि- मोदी सरकार ने बेरोज़गार युवाओं के लिए क्या काम किया? महंगाई के बारे में क्या कदम उठाए? बॉर्डर पर चीनी घुसपैठ पर क्या बोला? हमें दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्ग और समाज के ग़रीब तबके की चिंता है, जो भाजपा को नहीं है।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
हम पहुंचेंगे हर घर तक, न्याय का हक़, मिलने तक! गली, मोहल्ला, संसद तक न्याय का हक़, मिलने तक! सहो मत...डरो मत!



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
समाज के हर उस तबके को अपने गले से लगाना पड़ेगा, जिन्होंने उस कालखंड में प्रभु श्री राम का साथ देकर 'रामराज्य' की स्थापना की नींव डाली थी...

### शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

# विकास के साथ उज्ज्वल भविष्य की पाठशाला हैं एनसीसी कैम्प

बेधड़क | जयपुर

उस भूमि के प्रति अटूट जुनून होना चाहिए, जिसने हमें पाला पोसा है। हमेशा देश का सम्मान करें और उन मूल्यों को बनाए रखें, जो हमें भारतीय होने पर गर्व करवाता हो। एनसीसी संगठन देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सहभागिता का गुण सिखाता है।

एनसीसी कैम्प कमाण्डेन्ट ग्रुप कैप्टन सोमनाथ मित्रा ने 1-राजस्थान एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, जयपुर के तत्वाधान में फागी के स्टेनी मेमोरियल कॉलेज स्थित आईआईआरएम परिसर में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर द्वित्तीय के समापन समारोह में कह। मित्रा ने कहा कि एनसीसी के माध्यम से कैडेट अनेक गुण सीख कर समाज में अपनी विशिष्ट पहचान कायम करता है।

एनसीसी कैडेट शिविर के दौरान व्यक्तिव विकास, सहभागिता, कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व की भावना आदि अनेक गुणों का विकास करता है। उन्होंने युवाओं को जानकारी दी कि तीन वर्ष के एनसीसी पाठ्यक्रम में एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट प्राप्त कर भारतीय सेना में बिना किसी लिखित परीक्षा के सीधे स्पेशल एन्ट्री स्कीम के तहत साक्षात्कार के माध्यम से अफसर बन सकता है।

शिविर में राजस्थान के विभिन्न स्कुल/कॉलेजों से 16 सहयोगी एनसीसी अधिकारी एवं 405 कैडेट्स व स्टाफ ने भाग लिया।



### रंगारंग प्रस्तुतियों से बांधा समां

दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच सम्पन्न हुआ। कैडेट्स ने एकल गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, देशभक्ति गीतों सहित प्रेरणास्पद नाटकों की प्रस्तुति से वाहवाही लूटी। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ रहे कैडेट्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शिविर के दौरान बेस्ट ट्रुप का खिताब सेन्ट जेवियर सीनियर सैकण्डरी स्कुल जयपुर को प्रदान किया गया। अन्य प्रतियोगिताओं में ड्रिल में केन्द्रीय विद्यालय नं. 1 बजाज नगर, जयपुर विजेता रही व सेन्ट जेवियर सीनियर सैकण्डरी स्कुल जयपुर रनर अप रहीं। एनसीसी निदेशालय राजस्थान जयपुर के निदेशक कर्नल जितेन्द्र कुमार ने भी शिविर में आयोजित प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों का निरीक्षण किया।

### प्रतिवर्ष आयोजित होता है शिविर

डिप्टी कैम्प कमाण्डेन्ट मुख्य ग्लाईडिंग प्रशिक्षक डीएस चौहान ने बताया कि एनसीसी संगठन युवाओं को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने जैसे अनेक अवसर प्रदान करता है। अन्य कोई भी संगठन ऐसे अवसर प्रदान नही करता। एनसीसी प्रतिवर्ष कैडेट्स के सैन्य प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करती है जिनमें राजस्थान के विभिन्न कॉलेजों/स्कुलों के एनसीसी कैडेट्स भाग लेते है ।

## Yuva स्टोरीज



### शिक्षक संघ ने मनाया कर्तव्य बोध पखवाड़ा |

**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) का कर्तव्य बोध पखवाड़ा कार्यक्रम गांधी नगर उपशाखा जयपुर की ओर से शुक्रवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रामपुरा रूपा, टोंक फाटक में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष नन्दसिंह नरूका शामिल हुए। पर्यवेक्षक के रूप में जयपुर शहर जिला अध्यक्ष पवन पाण्डेय मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अंजू मीना, सदस्य प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ शिक्षक संघ राष्ट्रीय देवेन्द्र शर्मा, जयपुर शहर के कोषाध्यक्ष जुगराज सिंह, उपाध्यक्ष नवल सिंह,उपशाखा गांधी नगर के अध्यक्ष चंद्रकांत अग्निहोत्री, उपशाखा मंत्री हरेंद्र जोशी, महिला मंत्री ममता अग्रवाल, जय किशन दाधीच, अशोक कुमार अग्रवाल, कुलदीप सिंह, गोपाल शर्मा, उषा पाराशर, रेखा शर्मा, मोनिका शर्मा, अनिता अग्रवाल, सीमा शर्मा, सीमा भट्ट, कोमल रानी, मीनू शर्मा सहित उपशाखा व जिले के अनेक शिक्षक और विद्यार्थी सम्मिलित हुए। नरूका ने शिक्षक और शिक्षार्थी के कर्तव्यों पर चर्चा करते हुए भौतिकवादी शिक्षा के स्थान पर नैतिक एवं व्यवहारिक शिक्षा को अपनाने और भगवत गीता के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने पर जोर दिया। संचालन गांधी नगर उपशाखा मंत्री हरेंद्र जोशी ने किया।

### घायल पक्षियों का उपचार करेंगी युवाओं की टीम |

**जयपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर उड़ने वाले पतंगों की डोर से घायल होने वाले पक्षियों के उपचार के लिए शहर के युवा आगे आ रहे हैं। श्री कृष्ण सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट एवं शेखावाटी हॉस्पिटल विद्याधर नगर की ओर से निःशुल्क पक्षी उपचार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में मकर सक्रांति पर उड़ने वाली पतंगों एवं मांझो से घायल होने वाले पक्षियों का उपचार किया जाएगा। शेखावाटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. सर्वेश जोशी , कार्यकारी निदेशक डॉ. एसपी यादव, श्री कृष्ण सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु यादव एवं कैम्प संयोजक कुलदीप यादव ने बताया कि 'पक्षी होते हैं बेजुबान, आओ बचाएं इनकी जान' भी भावना पर आधारित शिविर 13 से 15 जनवरी तक प्रतिदिन प्रातः 9:30 से सायं 5:30 बजे तक सात स्थानों पर लगाए जाएंगे। शेखावाटी हॉस्पिटल के बाहर, चौमूं पुलिया, श्री विनायक रेस्टोरेंट विद्याधर नगर, मंदिर मोड़ सर्किल- विद्याधर नगर, पार्षद कार्यालय वार्ड नं 22, अलका सिनेमा व पार्षद कार्यालय वार्ड नं. 35 में ये शिविर लगेंगे। शिविरों के लिए 21 लोगों की टीम बनाई गई है जिसमें निर्मल गुप्ता, मुरारी शर्मा, सुरेंद्र यादव, आरएन यादव, वीरेंद्र चौधरी, सावित्री चौधरी, राजेश राईका, सौरभ दाधीच, स्नेहलता साबू, दिव्या शर्मा साबू, श्यामसुंदर, शिवानी त्यागी, मुनेश चौधरी, आभा अग्रवाल, त्याग वशिष्ठ, रजत, शौर्य प्रताप, श्रेष्ठ प्रताप, राजवीर गुर्जर, मोनू गुप्ता आदि शामिल हैं।



### JNU के यूएई ऑफ शोर कैम्पस को मिली मंत्रालय की मंजूरी

**जयपुर।** जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में स्थापित किए जा रहे ऑफ शोर कैम्पस को भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय ने अनुमति दे दी है। जल्द ही यूएई में ऑफ शोर कैम्पस स्थापित करने वाला जेएनयू राजस्थान का पहला विश्वविद्यालय बन जाएगा। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. संदीप बक्शी ने बताया कि जेएनयू राजस्थान का पहला विश्वविद्यालय है जो उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की अनुमति से विदेश में ऑफ शोर कैम्पस स्थापित कर रहा है। जेएनयू ने इसके लिए सभी आवश्यक प्रकियाएं पूरी कर ली हैं। बक्शी ने जेएनयू समूह के सभी कर्मचारयों को यह उपलब्धि हासिल करने पर बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि इस कैम्पस की स्थापना से हमारे स्टूडेंट्स को को वहां रोजगार व अनुभव प्राप्त करने का मौका मिलेगा। साथ ही यूएई की उच्च स्तरीय संस्थाओं में विद्यार्थियों को योग्यता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। राजस्थान व भारत के विभिन्न क्षेत्रों से जो लोग वहां गए हैं, उन्हें उच्च स्तरीय संस्था में योग्यता बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। यह कैम्पस दोनों देशों के शैक्षणिक परिवेश के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता को पूरा करेगा।



### विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह

# स्टूडेंट्स के हाथ में डिग्री चेहरे पर गौरवमयी मुस्कान

बेधड़क | जयपुर/कोटा

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के 7वें दीक्षांत समारोह में 1252 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शिरकत की। समारोह की शुरुआत शैक्षणिक जुलूस के साथ हुई जिसमें गणमान्य व्यक्तियों ने कैंपस बैंड की धुन के साथ समारोह स्थल पर प्रवेश किया। मुख्य अतिथि वासुदेव देवनानी ने इस अवसर पर कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है और लोग जीवन भर सीखते हैं। शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण छात्रों के भविष्य को आकार देने में काफी मदद करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश का जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

साथ ही छात्रों से अपील की कि वे नौकरी मांगने वाले नहीं वरन् नौकरी देने वाले बनें।

स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) विजय वीर सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द के विचारों का अनुसरण वीजीयू परिवार कर रहा है- उठो; जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। उन्होंने कहा कि वीजीयू छात्रों में चरित्र निर्माण, मन और आत्मविश्वास को मजबूत करने और बुद्धि का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करने वाली शिक्षा प्रदान करने में विश्वास करता है।






### नई तकनीकों को अपनाएं छात्रः पंवार

वीजीयू के चेयरपर्सन डॉ. ललित के पंवार ने इस अवसर पर छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को नई तकनीक से अपडेट रहना चाहिए नहीं तो वे आउटडेटेड हो जायेंगे।

वीजीयू उपाध्यक्ष डॉ. केआर बगड़िया ने कहा कि यूनिवर्सिटी के बैच 2024 के लिए, 50 कंपनियों ने औसतन 300 से अधिक प्लेसमेंट प्रदान किए हैं। औसत वेतन लगभग 5.50 लाख रहा। इसी माह आयोजित IAC-2 (प्लेसमेंटवीक) में लगभग एक हजार प्लेसमेंट और इंटर्नशिप के साथ सौ से अिधक कम्पनियां आईं।

### 40 छात्रों को मिले गोल्ड मेडल, 27 को सिल्वर

समारोह में विवि के विभिन्न डिपार्टमेंट्स के 1252 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। 92 मेधावी छात्रों में से 40 छात्रों को स्वर्ण पदक, 27 को रजत पदक और 25 को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। इनके साथ ही वर्ष भर विभिन्न क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। प्रो. सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वीजीयू वास्तव में एक वैश्विक विश्वविद्यालय है, जिसमें भारत के लगभग सभी राज्यों और 16 अन्य देशों के 7500 से अधिक छात्र यूजी, पीजी और कृषि, इंजीनियरिंग संकायों में क कॅरिअर-उन्मुख कार्यक्रमों में अपनी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विवि लगातार अपने क्षितिज का विस्तार कर रहा है।



# आरयू ने स्वर्णिम गुजरात को दी मात

### ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी-इंटर जोनल बास्केटबॉल चैम्पियनशिप


बेधड़क | जयपुर

ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी इंटर जोनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ (उत्तर क्षेत्र) ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (उत्तर क्षेत्र) को 6 अंकों से हराया। राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (पश्चिम क्षेत्र) और स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय, गुजरात (पश्चिम क्षेत्र) के बीच हुए मैच में राजस्थान विश्वविद्यालय ने 11 अंकों से जीत हासिल की। साथ ही तमिलनाडु (दक्षिण क्षेत्र) के मद्रास विश्वविद्यालय ने कोटा विश्वविद्यालय को 13 अंकों से हराया। आखिरी मैच बंगलुरू (दक्षिण क्षेत्र) के जैन विश्वविद्यालय और रोहतक (उत्तर क्षेत्र) के एमडीयू के बीच था, जिसमें जैन विश्वविद्यालय ने 39 अंकों से जीत हासिल की।

शीर्ष स्कोरिंग टीमें पंजाब विश्वविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय, मद्रास विश्वविद्यालय, कोटा विश्वविद्यालय, जैन विश्वविद्यालय और एमडीयू रोहतक रहीं। दर्शकों ने उत्साह व जोश से भरे माहौल में मैचों का आनंद लिया।

शुक्रवार को मणिपाल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट प्रो. (डॉ.) जीके प्रभु और रजिस्ट्रार डॉ. नीतु भटनागर ने भी मैच का आनंद लिया। इनके साथ ही संघीय सचिव बलजीत सिंह शेखन, संघीय सचिव और विजिलेंस अधिकारी एआईयू और जयपुर क्षेत्र के मुख्य आयुक्त महेंद्र रंगा भी पहुंचे।

### कविता शर्मा को मिली पीएचडी उपाधि |



**जयपुर।** अपेक्स विश्वविद्यालय जयपुर की ओर से कविता कुमारी शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। कविता शर्मा ने अपना शोध शिक्षा विभाग में 'माध्यमिक स्तर के शिक्षक व विद्यार्थियों की विशिष्ट रोगों के प्रति चेतना का अध्ययन' विषय पर दी गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. विनोद भांबू के निर्देशन में पूर्ण किया है।

### युवा दिवस | गूंजे स्वामी विवेकानंद के संदेश

# 'उठो जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य न मिले'

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित हुए। राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दिलावर ने कहा कि यह देश का सौभाग्य है कि विवेकानंद जी ने इस धरती पर जन्म लिया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के संदेश 'उठो जागो और तब तक मत रुको, जब तक अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच जाओ' से प्रेरणा लेते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को केन्द्र में रखकर अपना लक्ष्य निर्धारित करें। राजस्थान विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर प्रो. अल्पना कटेजा ने कहा कि युवा विवेकानंद के आदर्शों को अपनाकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लें। राजस्थान युवा छात्र संस्था के अध्यक्ष जगदीश सोमानी ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर संस्था के संरक्षक अरुण अग्रवाल सहित शिक्षक, शिक्षाविद्, विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।



### यातायात जागरूकता के साथ मनाया युवा दिवस

कानोड़िया पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से युवा दिवस पर नेहरू युवा केंद्र संगठन के सहयोग से युवा दिवस और यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं को समाज में सकारात्मक बदलाव की ऊर्जा और सुरक्षित यातायात के महत्व के साथ जोड़ा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यातायात रैली, सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने भारत को विकसित देश बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक महेंद्र सिसोदिया ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि विधायक कालीचरण सराफ ने सड़क सुरक्षा की मुहिम में 5 हजार युवाओं को जोड़ने एवं युवाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम में शामिल महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रेरित किया। ओरोबिंदो सोसायटी के सूर्य प्रताप सिंह ने विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला।



### युवा संसद में उठे मुद्दे

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. अनुपम श्रीवास्तव, डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. महेंद्र प्रजापति, डॉ. सारिका यादव, डॉ. अमोल कड्डू, डॉ. रश्मि प्रकाश गुरव ने किया। कार्यक्रम में भाषण, कविता पाठ एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिनमें शिक्षा, सफाई, बेरोजगारी, आतंकवाद जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम में संस्थान के पीजी एवं यूजी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## पीएम का दौरा: नासिक में रोड शो, रामकुंड-कालाराम मंदिर में पूजा-अर्चना, मुंबई में अटल सेतु का उद्‌घाटन



### दो किलोमीटर लंबा रोड शो 35 मिनट तक चला

प्रधानमंत्री का रोड शो होटल मिर्ची चौक से शुरू हुआ। हजारों लोग प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए रोड शो वाले मार्गों पर मौजूद थे। इस दौरान अनेक कलाकारों और आदिवासियों ने प्रस्तुतियां दी। विशेष समूहों जैसे 'नासिक ढोल' ने भी कार्यक्रम पेश किया। रोड शो लगभग 35 मिनट तक चला और दो किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करने के बाद संत जनार्दन स्वामी महाराज चौक पर खत्म हुआ। रोड शो में पीएम मोदी के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार मौजूद थे। रोडशो के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गोदावरी नदी किनारे स्थित रामकुंड में पूजा-अर्चना की।

# सभी तीर्थस्थलों-मंदिरों में चलाएं सफाई अभियान

**एजेंसी** | नासिक/मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र के दौरे पर रहे। उन्होंने सबसे पहले नासिक में एक रोड शो किया और रामकुंड और श्री कालाराम मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने आह्वान किया कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी तक हम सभी देश के तीर्थ स्थानों की, मंदिरों की साफ सफाई करें और स्वच्छता का अभियान चलाएं। नासिक में ही स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया और कहा कि आज का ये दिन भारत की युवाशक्ति का दिन है। ये दिन उस महापुरुष को समर्पित है, जिसने गुलामी के कालखंड में भारत को नई ऊर्जा से भर दिया था। बाद में मुंबई पहुंचकर पीएम मोदी ने देश के सबसे लंबे समुद्री ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन किया।



पीएम ने नासिक में युवा महात्सव के उद्घाटन के मौके पर कहा कि यह महज संयोग नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की इस पवित्र, वीरभूमि, तपोभूमि, आध्यात्मिक और भक्ति भूमि का महान प्रभाव है कि भारत की महान विभूतियां यहां से निकली हैं। पंचवटी की इस भूमि में प्रभु श्रीराम ने काफी वक्त बिताया है। मैं इस भूमि को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। मुझे कालाराम मंदिर में दर्शन करने का और मंदिर परिसर में सफाई करने का सौभाग्य मिला है। मैं देशवासियों से अपना आग्रह फिर दोहराऊंगा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर के निमित्त देश के सभी मंदिरों, तीर्थ क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाएं, अपना श्रमदान करें।




### 'मेरा युवा भारत संगठन' से जुड़े 1.10 करोड़ लोग

पीएम मोदी ने बताया कि 'मेरा युवा भारत संगठन' से जिस तेजी के साथ देश के कोने-कोने में युवा जुड़ रहे हैं, उससे भी मैं बहुत उत्साहित हूं। मेरा युवा भारत संगठन की स्थापना के बाद ये पहला युवा दिवस है। अभी इस संगठन को बने 75 दिन भी पूरे नहीं हुए हैं और 1.10 करोड़ के आसपास युवा इसमें अपना नाम रजिस्टर करा चुके हैं।

### पंचवटी में स्थित है कालाराम मंदिर

कालाराम मंदिर महाराष्ट्र के नासिक पंचवटी में स्थित है। मंदिर का निर्माण 1782 में कराया गया था। इसे बनाने में करीब 12 साल लगे थे। 245 फीट लंबे और 105 फीट चौड़े इस मंदिर की गिनती भगवान राम के सबसे सुंदर मंदिरों में होती है। मान्यता है कि वनवास के दौरान भगवान राम यहां रुके थे। इसी दौरान ऋषि मुनियों ने उनसे राक्षसों के प्रकोप से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की थी। तब भगवान राम ने काला रूप धारण कर इस जगह को राक्षसों से मुक्त कर दिया था। यही वजह है कि यहां के कालाराम मंदिर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की काले पत्थर से बनी हुई मूर्ति हैं।





### अरविंदो व स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत

पीएम ने स्वामी विवेकानंद के साथ-साथ श्री अरविंदो को भी याद किया। हमारे देश के ऋषियों-मुनियों-संतों से लेकर सामान्य मानवी तक, सभी ने हमेशा युवाशक्ति को सर्वोपरि रखा है। अरविंदो कहते थे कि अगर भारत को अपने लक्ष्य पूरे करने हैं, तो भारत के युवाओं को एक स्वतंत्र सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। स्वामी विवेकानंद भी कहते थे कि भारत की उम्मीदें भारत के युवाओं के चरित्र और उनकी प्रतिबद्धता पर टिकी हैं। अरविंदो और स्वामी विवेकानंद का ये मार्गदर्शन आज 2024 में भारत के युवा के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है।



### अटल सेतु: आसान होगा सफर, बढ़ेगी कनेक्टिविटी

अटल सेतु मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इससे मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा का समय भी कम हो जाएगा। इससे मुंबई बंदरगाह और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह के बीच कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा। एक यात्री कार से एक तरफ का टोल 250 रुपए लिया जाएगा, जबकि वापसी यात्रा के साथ-साथ दैनिक और लगातार यात्रियों के लिए शुल्क अलग होगा।



### दस साल पहले घोटालों की होती थी, अब काम की चर्चा

पीएम मोदी ने को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि दस साल पहले घोटालों की चर्चा होती थी, लेकिन अब हमारे किए गए काम की बात होती है। पीएम मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश ने अपने सपनों को हकीकत में बदलते देखा है।

### अटल सेतु है विकसित भारत की तस्वीर

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार की नीयत साफ है। आज सरकार की निष्ठा सिर्फ और सिर्फ देश के प्रति है। उन्होंने कि अटल सेतु विकसित भारत की तस्वीर है। विकसित भारत कैसा होने वाला है, उसकी एक झलक है। विकसित भारत में सबके लिए सुविधा होगी, सबकी समृद्धि होगी, गति होगी, प्रगति होगी, दूरियां सिमटेंगी और देश का कोना-कोना जुड़ेगा। जीवन हो या आजीविका सब कुछ निरंतर बिना रुकावट के चलेगा, यही तो अटल सेतु का संदेश है।

## WB: मंत्री व पूर्व MLA के ठिकानों पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने पश्चिम बंगाल के दमकल मंत्री सुजीत बोस, उत्तरी दमदम नगर पालिका के पूर्व मेयर सुबोध चक्रवर्ती और टीएमसी के विधायक तपस रॉय के आवासों पर छापे मारे। यह छापे नगर निकायों में भर्तियों में अनियमितता के मामले को लेकर मारे गए। ईडी के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षाबलों के जवान भी मौके पर पहुंचे। ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय बलों के साथ शुक्रवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के लेक टाउन इलाके में सुजीत बोस के दो आवासों पर छापे मारे।

### एक और उपलब्धि: उच्च गति वाले लक्ष्य को किया नष्ट

## नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल का परीक्षण, बढ़ेगी सैन्य ताकत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल का शुक्रवार को सफल परीक्षण किया। परीक्षण सुबह 10:30 बजे ओडिशा के चांदीपुर में स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया। परीक्षण बहुत कम ऊंचाई पर एक उच्च गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्य पर किया गया। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। इस परीक्षण के दौरान पूरे आकाश मिसाइल सिस्टम की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया, जिसमें मिसाइल सिस्टम के आरएफ सीकर, लॉन्चर, मल्टी फंक्शन रडार और कमांड, कंट्रोल और कम्यूनिकेशन सिस्टम का भी परीक्षण शामिल है। इस मौके पर भारतीय वायुसेना के अधिकारी भी मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, वायुसेना, बीडीएल और बीईएल जैसी सरकारी कंपनियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम के सफल परीक्षण से देश की वायु रक्षा क्षमताओं में और बढ़ोतरी होगी।



## CEC व EC की नियुक्ति पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त और 2 चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में चीफ जस्टिस को शामिल करने की मांग पर केंद्र को नोटिस जारी किया है। हालांकि, कोर्ट ने मौजूदा कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इस मामले में अप्रैल में अगली सुनवाई होगी। इसी अधिनियम के तहत सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से हटा दिया गया था। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी बनाने की मांग पर पिछले साल अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला दिया था।

### प्राण प्रतिष्ठा: खेड़ा ने उठाए सवाल, कर्ण सिंह ने दी नसीहत

## खरगे ने कहा- आस्था रखने वाले कभी भी जा सकते हैं अयोध्या

**एजेंसी** | नई दिल्ली



अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह शामिल होने से कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के इनकार के बाद सियासी बयानबाजी जारी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि भाजपा जो भी कर रही है वो ठीक नहीं है। आस्था रखने वाले लोग आज भी जा सकते हैं, कल या परसों भी जा सकते हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक बार फिर राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर सवाल उठाए है और कहा है कि यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धार्मिक नहीं बल्कि पूरी तरह से राजनीतिक है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. कर्ण सिंह ने कहा है कि अयोध्या मसले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाने में झिझक नहीं होनी चाहिए। खरगे ने कहा, मैंने 6 तारीख को ही बयान दे दिया कि जिसकी जो इच्छा वो वैसे करें। फिर भी पलट-पलट कर हम पर वार करना ठीक नही है। ये भाजपा की साजिश है और वो इसे मुद्दा बना रहे हैं

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा: नागा संन्यासियों ने पूजा-अर्चना के बाद कलशों में भरा गंगा जल

# पवित्र नदियों का जल अयोध्या रवाना, होगा रामलला का अभिषेक

**एजेंसी** | हरिद्वार

उत्तराखंड के पवित्र तीर्थों और गंगा समेत सभी नदियों का जल लेकर भगवान रामलला का अभिषेक करने के लिए जूना अखाड़े के नागा संन्यासियों का एक जत्था शुक्रवार को यहां से अयोध्या के लिए रवाना हुआ।

जय श्री राम, हर हर महादेव के जय घोष के साथ अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय सचिव महंत महेश पुरी और मुख्य पुजारी महंत सुरेशानंद सरस्वती के नेतृत्व में नागा संन्यासियों का जत्था हर की पैड़ी पहुंचा और मां गंगा की पूजा अर्चना कर गंगाजल से कलश भरा। इसके साथ ही उत्तराखंड के समस्त तीर्थों से लाए जल से भरे कलशों का भी पूजन किया गया जिसके बाद उन्हें लेकर नागा संन्यासी दक्षेश्वर महादेव मंदिर कनखल पहुंचे तथा भगवान शिव का अभिषेक कर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निर्विघ्न संपन्न होने की प्रार्थना की। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री मंहत हरी गिरि के निर्देश पर गंगा, यमुना,अलकनंदा, मंदाकिनी, सरयू, गोमती ,शारदा, भागीरथी, राम गंगा, काली गंगा, धौली गंगा तथा त्रिजुगी नारायण आदि तीर्थों से पवित्र जल कलशों में भरा गया जिसे लेकर नागा संन्यासियों का जत्था अयोध्या रवाना हुआ है।



### पीएम मोदी 11 दिनों तक करेंगे कठिन तपश्चर्या

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि वह 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिनों तक कठिन तपश्चर्या का पालन करेंगे। इसके लिए शास्त्रों में नियम बताए गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा के कई दिन पहले से इसका पालन करना होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर विशेष संदेश जारी कर बताया कि वह राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुक्रवार से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं शारिरिक रूप से उस पवित्र पल का साक्षी बनूंगा, लेकिन उस समय में अकेला नहीं रहूंगा। मेरे मन में 140 करोड़ भारतवासी होंगे।

### रोजाना 30 हजार लोगों के ठहरने का इंतजाम

**लखनऊ।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों के साथ वहां आने वाले श्रद्धालुओं के रहने-खाने, रुकने, साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था के लिए तैयारियां जारी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिलहाल वहां प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री अयोध्या का दौरा कर जरूरी तैयारियों के निर्देश पहले ही दे चुके हैं। स्थानीय प्रशासन श्रद्धालुओं व पर्यटकों के रुकने की चाक-चौबंद तैयारी कर रहा है।

### आडवाणी ने कहा... राम मंदिर का निर्माण नियति ने किया तय

**नई दिल्ली।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने या नहीं होने की तमाम अटकलों के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने कहा कि राम मंदिर का बनना नियति ने तय किया था और इस महान कार्य के लिए उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुना है।

जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राण प्रतिष्ठा करेंगे तब वे हमारे भारत के प्रत्येक नागरिक का प्रतिनिधित्व करेंगे। मेरी प्रार्थना है कि यह मंदिर सभी भारतीयों को श्रीराम के गुणों को अपनाने के लिये प्रेरित करेगा।



आडवाणी ने एक मासिक पत्रिका में एक लेख 'राम मंदिर निर्माण, एक दिव्य स्वप्न की पूर्ति' में यह बात कही हैं। उन्होंने लेख में कहा है कि आज से 33 साल पहले निकाली गई रथ यात्रा अयोध्या आंदोलन का सबसे निर्णायक और परिवर्तनकारी घटना थी। आडवाणी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए लिखा कि वह अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम से पहले उनकी अनुपस्थिति महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, रथयात्रा शुरू होने के कुछ दिनों बाद ही मुझे इसका अनुभव हो गया था कि मैं तो मात्र एक सारथी था। रथयात्रा का प्रमुख संदेशवाहक स्वयं रथ ही था और पूजा के योग्य इसलिए था क्योंकि वह श्रीराम मंदिर के निर्माण के पवित्र उद्देश्य की पूर्ति के लिए उनके जन्मस्थान अयोध्या जा रहा था।

### रवींद्र मंच पर हुआ हीरक जयंती के मौके पर नाटक का मंचन

# हुस्नआरा को हुआ इश्क और अमीर के अरमां टूट गए...

**बेधड़क.जयपुर।** पचास साल के अमीर हनीफ मोहम्मद को पक्का यकीन है कि पूरी औरत जात बेईमान है और अपने शौहरों से बेवफाई करती है। इस वजह से उसने निकाह नहीं किया और तय किया कि अपनी बीवी को अपने हिसाब से तैयार करेगा। इसलिए हनीफ एक बच्ची को अपने एक खुफिया घर में 2 नौकरों की देखरेख में पूरी दुनिया से छुपाकर रखता है। उसे अच्छी बीवी बनने की शिक्षा और प्रशिक्षण देता है, ताकि बड़ी होने पर वह उससे निकाह कर सके। ऐसे में कई मोड़ लेते हुए कहानी आगे बढ़ती और रोचकता के साथ खत्म होती है। मौका था हीरक जयंती समारोह के अवसर पर कला साहित्य संस्कृति व पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार व रवींद्र मंच की टैगोर योजना में नाटक बीवियों का मदरसा के मंचन का। नाटक के लेखक मौलियर हैं तो सूफियान सूफी निर्देशक रहे। नाटक में कलाकारों ने चुटिले अंदाज में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।





#### हुस्नआरा को हुआ इश्क

खुफिया तरीके से लड़की को छुपा तो लिया, लेकिन हुस्नआरा ने एक नौजवान को देख लिया और दोनों एक-दूसरे के साथ इश्क कर बैठे। ऐसे में अमीर पशोपेश में पड़ गया। उसके अरमां कांच की तरह टूटकर बिखर गए।

#### इन्होंने किया सशक्त मंचन

नाटक हास्य व व्यंग्य से भरपूर रहा। विनोद सोनी, गौरव खांडेल, द्रविल छावड़ा, गरिमा चौधरी, मंशा सोलंकी, गौरव निर्वाण, मानस समीर राजपूत, राजेश, प्रदीप सोलंकी ने किरदार निभाए। लाइट डिजाइन उज्जवल प्रकाश मिश्रा ने की। संगीत प्रदीप सोलंकी का रहा। रवींद्र मंच की सोविला माथुर ने बताया कि बीवियों का मदरसा का मिनी थिएटर में किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, टी.वी. व फिल्म जगत के कलाकार, कला प्रेमी, समाज सेवी, दर्शक व अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## युवा उद्यमिता रैली निकाली




**बेधड़क. जयपुर।** युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत युवा संत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर स्वाबलंबी भारत अभियान के तहत जयपुर में छः हजार से अधिक युवाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में युवा उद्यमिता रैली निकाल कर स्वावलंबन का संदेश को दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वामी की वाणी की प्रेरणा से स्वदेशी जागरण मंच के साथ 31 अन्य सामाजिक शैक्षिक आर्थिक संगठन मिलकर देश में स्वावलंबी भारत अभियान चल रहे हैं। इसका उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करना है। रैली में विद्यार्थियों ने जब बाजार जाएंगे सामान स्वदेशी लेंगे, हम सब ने ठाना है-भारत समृद्ध बनाना है, हर युवा ने ठाना है उद्यमिता को अपनाना है जैसे अनेक उदघोष रैली में लगाए।

## टीनू आनंद को LTA अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) के यूथ व फिल्म हेरिटेज थीम पर आयोजित होने वाले फेस्ट में इस वर्ष लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड एक्टर, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, राइटर टीनू आनंद को दिया जाएगा। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड हर वर्ष रिफ में फिल्मी दुनिया की ऐसी शख्सियत को दिया जाता है, जिसने पूरा जीवन सिनेमा को समर्पित किया है। टीनू आनंद बेहतरीन एक्टर होने के साथ ही निर्देशक और लेखक हैं और लंबे समय से फिल्मी दुनिया में शामिल हैं। 1988 में फिल्म 'शहंशाह' लेकर आए थे, जिसमे उन्होंने अमिताभ बच्चन को लीड रोल में लिया था। आनंद का जन्म 1945 में बॉम्बे में हिंदी सिनेमा के बेहतरीन राइटर इंदर राज आनंद के घर में हुआ था। उन्होंने स्कूलिंग मेयो स्कूल अजमेर राजस्थान से की। हाल ही में टीनू आनंद सीता रामम, सालार और मेरी क्रिसमस जैसी फिल्मों में अभिनय किया है।

## 'लागी रे लगन' की लॉन्चिंग आज

**बेधड़क. जयपुर।** बॉलीवुड सिंगर मामे खां एक बार फिर अपनी मखमली सूफी आवाज से देश-दुनिया के लोगों को रूमानियत का अहसास कराएंगे। इसके लिए शनिवार को उनकी नई पेशकश 'लागी रे लगन' को लॉन्च किया जाएगा। इस नए गाने में प्यार और बॉन्डिंग को दर्शाया गया है। इसके लिए मामे खां शनिवार को फैंस और मीडिया से रूबरू होंगे।

## City इवेंट्स

### आचार्य सौरभ सागर का मंगल प्रवेश



**बेधड़क. जयपुर।** ज्योति नगर जैन मंदिर में संस्कार प्रणेता आचार्य सौरभ सागर महाराज का बापू नगर से लालकोठी, विधान सभा, इमली फाटक होते हुए लवाजमे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। रास्ते में जयकारों के साथ विधान सभा के स्टाफ ने आचार्यश्री की आरती कर स्वागत किया। मंदिर में आचार्यश्री के भगवान नेमिनाथ के दर्शन के बाद जुलूस ने धर्म सभा का रूप लिया, जहां प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने अभिनंदन किया। इसके बाद राजीव जैन गाजियाबाद, मनीष बैद, अतुल सोगनी, सुरेंद्र मोदी, मनोज झंझरी, रमेश बोहरा द्वारा दीप प्रज्वलन किया तो जीतू गंगवाल ने मंगलाचरण किया। आचार्यश्री ने राजुल व जानकी की वैराग्य भावना से जनकपुरी को जोड़ते हुए श्रोताओं को आशीर्वाद दिया।

### 21 क्विंटल प्रसादी का वितरण

**बेधड़क. जयपुर।** शहर में मुहाना मंडी स्थित दूधिया भेरुजी महाराज के दरबार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को पोषबडा का आयोजन हुआ। । मंदिर के पुजारी हरिनारायण जायसवाल ने बताया कि पोषबडा महोत्सव भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ ही संस्कारो को जीवित रखते हैं। शुक्रवार को यहां 21 क्विंटल प्रसादी का वितरण किया गया जो अब तक का रिकॉर्ड है।



### DIPR में पौष बड़ों का भोग



**बेधड़क. जयपुर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग संघ की ओर से शुक्रवार को विभाग परिसर में पौष बड़ा कार्यक्रम स्नेह व उत्साह के साथ आयोजित हुआ। सू.ज.स संघ की ओर से आयोजित इस पौष बड़ा कार्यक्रम में हवा महल विधायक बालमुकुंद आचार्य एवं सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा के विशिष्ठ आतिथ्य व आयुक्त एवं शासन सचिव सूचना एवं जनसंपर्क सुनील शर्मा, अतिरिक्त निदेशक अरुण जोशी, वित्तीय सलाहकार सुभाष दानोदिया, संयुक्त निदेशक नर्मदा इंदौरिया एवं संघ के अध्यक्ष गोपाल स्वरूप पाठक की उपस्थिति में निदेशालय परिसर में स्थित महादेव मंदिर में श्रृंगार, पूजा अर्चना व महाआरती कर प्रसादी का भोग लगाया गया। संघ के महासचिव कुलदीप शर्मा की ओर से हवा महल विधायक बाल मुकुंद आचार्य और सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा का स्वागत किया गया। सूचना जनसंपर्क विभाग संघ के महासचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि पौष बड़ा के रूप में प्रतिवर्ष ऐसा स्नेह मिलन कार्यक्रम यूनियन की ओर से किया जाता है। इस आयोजन में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### विधायक गोपाल शर्मा ने किया पोस्टर का विमोचन

## प्रभु राम के रंग में रंगा हेरिटेज फेस्ट हजारों बच्चे पढ़ेंगे संस्कृति का पाठ



**बेधड़क | जयपुर**

जगतपुरा स्थित हरे कृष्ण मूवमेंट श्री राम के स्वागत की तैयारियों में डूबा हुआ है। इसके लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। खास बात यह है कि पहली बार हरे कृष्ण मूवमेंट हेरिटेज फेस्ट प्रभु राम के रंग में रंग गया है। हेरिटेज पोस्टर की लॉन्चिंग भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने की।

उन्होंने फेस्ट की थीम की सराहना करते हुए स्कूल के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। पहली बार हरे कृष्ण मूवमेंट की तरफ से हेरिटेज फेस्ट में विशेष आयोजन किया जा रहा है। इस बार फेस्ट की थीम भगवान राम पर होगी। फेस्ट के तहत जयपुर के अलग-अलग स्कूलों में डांस, म्यूजिक, ड्राइंग, आर्ट, क्राफ्ट की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

फेस्ट का आयोजन 29 जनवरी से 3 फरवरी तक होगा, जिसमें हरे कृष्ण मूवमेंट के वालंटियर्स स्कूलों में बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराएंगे। इस दौरान बच्चे रामायण के श्लोकों का उच्चारण करेंगे। बच्चों के लिए राम लीला पोशाक प्रतियोगिता का आयोजन होगा तो क्लासिकल डांस भी होगा। विजेताओं को सात अप्रैल को पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

गौरतलब है हरे कृष्ण मूवमेंट का हेरिटेज फेस्ट जयपुर का एक बड़ा कल्चरल कार्निवाल है, जिसमें हर साल शहर के के हजारों बच्चे भाग लेते हैं।

### एजीएम में सामने आई नई जानकारियां

## FHTR की नई कार्यकारिणी घोषित कुलदीप सिंह चंदेला नए अध्यक्ष



**बेधड़क | जयपुर**

फैडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) की एजीएम में एफचटीआर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

कुलदीप सिंह चंदेला सर्वसम्मति से नए अध्यक्ष चुने गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, उपाध्यक्ष खालिद खान और राजेंद्र सिंह पचार, महासचिव विरेंद्र सिंह शेखावत, संयुक्त सचिव तरुण बंसल और कोषाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह को बनाया गया। चंदेला ने कहा कि हमारा उदेश्य पर्यटन के विकास के साथ ही पर्यटन के लिए सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है। हमें भी सस्टेनेबल टूरिज्म को बढ़ावा देते हुए विरासत के संरक्षण के प्रयास करने होंगे। इससे पहले एफएचटीआर पूर्व अध्यक्ष अपूर्व कुमार ने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को दिया गया 'उद्योग' का दर्जा, राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट, डिजिटल मार्केटिंग कैम्पेन्स से पर्यटन को बढ़ावा देने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। एपूर्व महासचिव मोहन सिंह मेड़तिया ने वर्ष 21-23 की संगठन की अब तक की उपलब्धियों को रेखांकित किया। वहीं, पूर्व कोषाध्यक्ष तरुण बंसल ने प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट सहित वार्षिक बजट रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान एफएचटीआर उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पचार और महासचिव विरेंद्र सिंह शेखावत सहित एफएचटीआर के अन्य कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहे।

### जयपुर कला महोत्सव — कला फलक पर छाएगा पद्मश्री दास, चटर्जी और हजारिका का हुनर

## 100 से अधिक कलाकार करेंगे कला का जीवंत प्रदर्शन

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी में कला की बानगी पूरे देश से पेश होगी। इसके लिए देशभर के 100 से अधिक चित्रकार और मूर्तिकार अपनी कृतियों से अपनी-अपनी कला का जीवंत प्रदर्शन जयपुर में करेंगे।

मौका होगा जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में 24 से 28 जनवरी तक होने वाले 7वें जयपुर कला महोत्सव का, जिसमें पद्मश्री प्रो. बिमान बिहारी दास, प्रो. आनंदा मोय बनर्जी, जीतेन हजारिका और अमित कपूर जैसे नामी कलाकारों की उपस्थिति खास होगी। उनकी कृतियां और समारोह स्थल पर इन कलाकारों के जीवंत प्रदर्शन शहर के कलाकारों और कला प्रेमियों के लिए आकर्षण होंगे।

कला महोत्सव का यह आयोजन राजस्थान यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट डिपार्टमेंट और प्रतिभा एजुकेशनल डवलपमेंट रिसर्च सोसायटी की ओर से किया जाएगा। महोत्सव के संयोजक बी. एम. चांदना और विजुअल आर्ट डिपार्टमेंट के हैड प्रो. सुमित सेन ने बताया कि इस दौरान कई आकर्षक आयोजन होंगे।







#### पेंटिंग्स का होगा ऑक्शन

मेले में इस बार सभी आर्टिस्टों के आर्ट वर्क की अलग से गैलरी बनाई जाएगी। जहां इन कलाकारों की पेंटिंग्स ऑक्शन की जाएगी, जिससे कलाकारों को संबल मिलेगा।

#### युवा कलाकारों को दिया जाएगा मौका

इस मौके पर कला के कई दिग्गज आर्टिस्ट अपने आर्टवर्क डिस्प्ले करेंगे और लाइव डेमो देंगे। युवा कलाकारों के लिए भी कई प्रकार की आर्ट वर्कशॉप्स का होगी, जिसमें कोई भी पार्टिसिपेट कर सकता है। सभी पर्टिसिपेन्टस को सर्टिफिकेट्स दिए जाएंगे। कई प्रतियोगिताएं भी होंगी, जिसमें पुरस्कार नकद राशि के रूप में दिए जाएंगे, जिनमें कोइ भी निःशुल्क भाग ले सकता है।



हम वो हैं जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि आप क्या सोचते हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### हवाई हमलों में यमन में हूती विद्रोहियों के कई ठिकाने बर्बाद

# अमेरिका और ब्रिटेन ने शुरू की नई जंग



**एजेंसी** | वॉशिंगटन

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के व्यापारिक जहाजों पर हमलों को लेकर अमेरिका के सब्र का बांध टूट गया है। फाइनल चेतावनी के बाद भी हूती अपनी करतूत से बाज नहीं आए तो अमेरिका और ब्रिटेन ने मिलकर सबक सिखाने का मन बना लिया है। अमेरिका और ब्रिटेन की आर्मी ने संयुक्त रूप से यमन में हूतियों के शासन वाले इलाकों में हवाई हमले किए। हूतियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया। हालांकि अभी तक यमन में हुए नुकसान की रिपोर्ट सामने नहीं आई है। फिलहाल, यह 2016 के बाद यूमन में हूतियों के खिलाफ अमेरिका की तरफ से किया गया पहला हमला है।

### हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे: बाइडेन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बयान जारी किया। इसमें उन्होंने ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को आगाह किया कि अगर जरूरत पड़ी तो वह आगे भी कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे। यह टारगेट हवाई हमले एक स्पष्ट संदेश है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और अपने पार्टनर्स के खिलाफ हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे। बाइडेन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा और नीदरलैंड ने ऑपरेशन का समर्थन किया। वहीं, ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन हमलों से हूती विद्रोहियों को कड़ा सबक मिला है।

### टॉमहॉक मिसाइलों से हुए हमले

अमेरिका-ब्रिटेन की सेना ने हूतियों के रडार सिस्टम, ड्रोन बैलिस्टिक, क्रूज मिसाइल के जखीरे और लॉन्च साइटों को निशाना बनाया। ये हवाई हमले लड़ाकू विमानों और टॉमहॉक मिसाइलों से किए गए। करीब एक दर्जन ठिकानों को टारगेट किया गया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हमले विमान, जहाज और पनडुब्बी द्वारा किए जा रहे थे। हमलों का उद्देश्य हूती विद्रोहियों की सैन्य क्षमताओं को कमजोर करना था।

### गंभीर परिणाम भुगतने की दी थी चेतावनी

हूती विद्रोही यमन के अधिकांश हिस्से पर शासन करते हैं। अमेरिका ने लाल सागर शिपिंग रूट पर बढ़ते हमलों को लेकर हूती विद्रोहियों को चेतावनी दी थी। बावजूद इसके हूती विद्रोहियों ने हमास के समर्थन में हमले जारी रखा। संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी। हूती विद्रोहियों का कहना है कि वे वाणिज्यिक जहाजों पर हमले गाजा को नियंत्रित करने वाले फिलिस्तीनी समूह हमास के समर्थन में कर रहे हैं।

### म्यांमार की सेना और जातीय गुरिल्ला समूहों में संघर्ष विराम

# युद्ध विराम पर सहमति

**एजेंसी** | बीजिंग

म्यांमार की सेना और वहां के जातीय अल्पसंख्यक गुरिल्ला समूहों के गठबंधन के बीच देश के पूर्वोत्तर में जारी लड़ाई को रोकने के लिए तत्काल संघर्ष विराम समझौते पर सहमति बन गई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। म्यांमार की सैन्य सरकार ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि म्यांमार की सीमा से लगभग 400 किमी दूर चीन की एक प्रांतीय राजधानी कुनमिंग में चीन की मध्यस्थता में हुई बातचीत में यह समझौता हुआ। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन को उम्मीद है कि म्यांमार में संबंधित पक्ष ईमानदारी से समझौते को लागू करेंगे। एक-दूसरे के प्रति अधिकतम संयम बरतेंगे और बातचीत तथा परामर्श के माध्यम से मुद्दों को हल करेंगे। म्यांमार की सत्तारूढ़ सैन्य परिषद के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन तुन ने पत्रकारों को दिए एक ऑडियो नोट में कहा कि दोनों पक्षों ने कुनमिंग में बैठक की और बातचीत के बाद अस्थायी संघर्षविराम समझौते पर सहमत हुए।

### दिसंबर का संघर्ष विराम किसी ने नहीं माना

दिसंबर के मध्य में हुए पिछले संघर्ष विराम समझौते का किसी भी पक्ष ने पालन नहीं किया था। चीनी प्रवक्ता माओ ने कहा कि सेना और थ्री ब्रदरहुड एलायंस - म्यांमा नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी, तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी तथा अराकान आर्मी, तत्काल संघर्षविराम और अपने-अपने लड़ाकों एवं ढांचों को बातचीत के माध्यम से हटाने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने सीमा क्षेत्र में रहने वाले चीनी लोगों और म्यांमा में चीनी परियोजनाओं तथा कर्मियों को नुकसान न पहुंचाने का वादा किया।'



संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि उसे डर है कि लड़ाई के कारण हजारों लोग विस्थापित हुए हैं और कुछ लोग सीमा पार कर चीन में भाग गए। फरवरी 2021 में सेना ने निर्वाचित नेता आंग सान सू की की सरकार को हटा दिया था। इसके बाद म्यांमार संकट में फंस गया है। कुछ ही महीनों के भीतर, अहिंसक विरोध प्रदर्शनों पर सेना की घातक कार्रवाई ने एक सशस्त्र विद्रोह को जन्म दिया जो अब बढ़ गया है।

### भारत ने 10 जंगी जहाज किए तैनात

# अरब सागर में इंडियन नेवी का एक्शन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अरब सागर में कारोबारी जहाजों पर समुद्री लुटेरों के हमले बढ़ते जा रहे हैं। भारत ने इन जहाजों को समुद्री लुटेरों से बचाने और उनके ड्रोन हमले रोकने के लिए सोमालिया के तट के पास, अरब सागर और अदन की खाड़ी में डिस्ट्रॉयर्स, फ्रिगेट्स और पेट्रोलिंग बोट समेत 6-10 वॉरशिप तैनात किए हैं। इन वॉरशिप पर मौजूद मरीन कमांडोज सोमालिया के समुद्री लुटेरों से जहाजों को बचाएंगे।

इन वॉरशिप की ड्रोन फुटेज भी सामने आई है। विश्लेषकों का कहना है कि इन ड्रोन फुटेज में अरब सागर में एक हमले के बाद भारतीय नौसेना के कमांडोज को समुद्री डाकुओं का पीछा करते देखा जा सकता है। ये घटना नई दिल्ली की वैश्विक महत्वाकांक्षाओं के मद्देनजर समुद्री बल के एक महत्वपूर्ण विस्तार को दिखाता है। बीते कुछ सालों में चीन ने अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के हिस्से के रूप में हिंद महासागर के आसपास के देशों के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर की डील पर बातचीत की है। इनमें श्रीलंका, मालदीव, बांग्लादेश और जिबूती शामिल हैं। चीन ने जिबूती में साल 2017 में अपना पहला विदेशी सैन्य ठिकाना खोला था। इससे भारतीय अधिकारियों की चिंता बढ़ गई थी।






## मशहूर पॉर्न स्टार थैना का निधन

**पेरू।** मशहूर पॉर्न स्टार थैना फील्ड्स की मौत हो गई है। उसने महज एक महीना पहले पॉर्न फिल्म इंडस्ट्री में उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। वह इस सप्ताह अपने घर पर मृत पाई गईं। फील्ड्स पेरू के प्रसिद्ध सितारों में से एक थी। उनकी उम्र महज 24 साल थी। उनके एक साथी, जो कि पॉर्न फिल्मों के निर्माता हैं, ने उनकी मौत की पुष्टि की है।

### ICJ में इजराइल के खिलाफ केस शुरू

# दक्षिण अफ्रीका पर भड़के नेतन्याहू

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में इजराइल के खिलाफ केस दयार करने के लिए दक्षिण अफ्रीका की आलोचना की है। इसके साथ ही उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि हम आतंकवादियों और झूठ से लड़ रहे हैं। नीदरलैंड के शहर द हेग में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में इजरायल के खिलाफ केस पर सुनवाई शुरू हो गई है। इस बीच नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि आज, फिर से, हमने एक उलटी दुनिया देखी, जिसमें इजरायल राज्य पर नरसंहार का आरोप लगाया गया है, जबकि इजरायल खुद नरसंहार से लड़ रहा है।

आईसीजे मामले पर दक्षिण अफ्रीका की आलोचना करते हुए इजरायली पीएम ने कहा कि एक आतंकवादी संगठन ने नरसंहार के बाद से यहूदी लोगों के खिलाफ सबसे खराब अपराध को अंजाम दिया और अब कोई नरसंहार के नाम पर इसका बचाव करने आया है, यह क्या निर्लज्ज मूर्खता है।

### कोरोना के सभी वैरिएंट का काम होगा तमाम!

# IISC का फुलप्रूफ वैक्सीन बनाने का दावा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कोरोना वायरस अब अपने अस्तित्व में बना ही रहेगा और अलग-अलग रूप और रंग में असर दिखाएगा। गत नवंबर-दिसंबर में कोरोना ने जेएन.1 के रूप में भारत में दस्तक दी। हालांकि, वैज्ञानिकों ने कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। इन सबके बीच भारतीय विज्ञान संस्थान (IISC) के वैज्ञानिक एक नया ताप-सहिष्णु टीका विकसित कर रहे हैं, जो कोविड के हर वैरिएंट के खिलाफ सुरक्षा दे सकता है। एनपीजे वैक्सीन्स में प्रकाशित स्टडी में आईआईएससी ने एक सिंथेटिक एंटीजन के डिजाइन के बारे में जानकारी दी है।



### अब तक के नतीजे उत्साहजनक

इस सिंथेटिक एंटीजन का कोविड-19 वैक्सीन के तौर पर उत्पादन भी भविष्य में हो सकता है। अभी तक प्रयोग के जो नतीजे सामने आए हैं, वो कोविड के विभिन्न वैरिएंट पर प्रभावी हैं। प्रोफेसर राघवन वरदराजन की टीम ने एसएआरएस-सीओवी-2 के स्पाइक प्रोटीन के दो भागों एस 2 सबयूनिट और रिसेप्टर बाइंडिंग डोमेन का चयन उनके वैक्सीन उम्मीदवार को डिजाइन करने के लिए किया है। एस 2 सबयूनिट अत्यधिक संरक्षित है। एस 1 सबयूनिट की तुलना में बहुत कम उत्परिवर्तन यानी बदलाव होता है। यही अधिकांश मौजूदा टीकों का लक्ष्य भी है।

### जानवरों पर प्रयोग सफल

आरबीडी के जरिए मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पैदा की जा सकती है। इन दोनों घटकों को मिलाकर आरएस 2 नामक एक हाइब्रिड प्रोटीन बनाया। टीम ने चूहों और हैम्स्टर मॉडल दोनों में प्रोटीन के प्रभावों का परीक्षण किया और पाया कि हाइब्रिड प्रोटीन ने एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया शुरू की और पूरे स्पाइक प्रोटीन वाले टीकों की तुलना में बेहतर सुरक्षा प्रदान की। खास बात यह है कि आरएस2 एंटीजन को कमरे के तापमान पर भी संग्रहित किया जा सकता है।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl